आर.एन.आई. नं. 45080/85, पो.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

"आज
कमला एकादशी"

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 39 अंक 299 | इंदौर, बुधवार 27 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 11 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## प्रदेश में पहली बार नौ सेना के बैंड ने रामघाट पर आयोजन के दौरान समां बांधा

# शिप्रा तीर्थ परिक्रमा समापन पर सीएम डॉ. यादव ने माँ शिप्रा को चुनरी अर्पित की

- देश में मध्यप्रदेश जलसंरक्षण के क्षेत्र में नंबर एक पर
- 10 हजार करोड़ से अधिक के काम किए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के समापन अवसर पर शामिल होने आए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मोक्षदायिनी उत्तर वाहिनी मां शिप्रा का पूरी तन्मयता के साथ सपत्निक पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत उन्होंने मां शिप्रा को पूरी श्रद्धा के साथ नमन करते हुए 351 फीट लंबी चूनरी अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश में पहली बार नौ सेना के बैंड ने अपनी स्वर लहरियों में सुरों में राष्ट्रभक्ति का जोश जगा दिया। इस अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन भी किया गया।

सोमवार से शुरू हुई शिप्रा तीर्थ परिक्रमा दूसरे दिन दत्त अखाड़ा घाट से प्रारंभ हुई । यात्रा में हजारों श्रद्धालु हाथ में केसरिया ध्वज लेकर भजन गाते हुए भक्ति भाव से पैदल शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपराह्न में उज्जैन पहुंचे सीएम डॉ. यादव का हेलीपैड आगमन पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने आत्मिय स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन सर्किट हाउस में मां नर्मदा के परम भक्त दादा गुरु महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत वे मां शिप्रा तीर्थ परिक्रमा एवं गंगा दशमी के कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री ने संतों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया। इससे पूर्व मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने गंगा दशमी की शुभकामना देते हुए कहा कि इस वर्ष गंगादशमी पर्व बहुत भव्य रूप से मन रहा है। देश में मप्र जल संरक्षण के कार्यों में पहले नंबर पर है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में 10 हजार करोड से अधिक के काम जल संरक्षण के काम कर रही है।







### रामघाट पर बजा नौ सेना का बैंड

कार्यक्रम के लिए प्रदेश में पहली बार नौ सेना के बैंड ने समुद्र की लहरों सा अनुशासन के साथ सुरों में राष्ट्रभक्ति का जोश जगा दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय नौ सेना बैंड की शानदार प्रस्तुति का अवलोकन किया। भारतीय नौ सेना के बैंड की दत्त अखाड़ा घाट पर प्रस्तुति ने समां बांध दिया। उपस्थित जनसमुदाय ने इस अवसर पर करतल ध्वनि के साथ नौ सेना बैंड का उत्साहवर्धन कर आयोजन में जोश भर दिया। मुख्यमंत्री ने मंच पर उपस्थित रहकर प्रस्तुति को सुना और सराहा। नौ सेना के जवानों से परिचय भी किया। दत्त अखाड़ा घाट के मंच पर एक अलग ही छटा इस दौरान देखी गई।



### जैसे शरीर में रक्त वाहिनी वैसे धरा पर नदियां हैं- मुख्यमंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा के परम भक्त दादा गुरु महाराज का जिक्र करते हुए कहा कि वे सालों से अन्न जल त्यागकर विज्ञान के लिए चुनौती जैसे हैं। मैं उनका वंदन अभिनंदन करता हुं। मां की कृपा से ये सारी नदियां हमारे लिए सौभाग्य की बात है। जैसे हमारे शरीर में रक्त वाहिनियां है ये धमनियां हैं। वैसे ही ये हमारी पृथ्वी माता की जीवन दायिनी माता की मां स्वरूप धमनियां भी उसी प्रकार से जीवन देती हैं।

### हेलीपेड पर इन्होंने किया स्वागत

हेलीपैड आगमन पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, जितेंद्र सिंह पंड्या, महापौर मुकेश टटवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## देश विदेश

### जनसंख्या में जहां अचानक बदलाव आया, वहां की होगी जांच

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश की आबादी में हो रहे असामान्य बदलाव की स्टडी के हाई-लेवल कमिटी का गठन किया है। जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (रिटा) को इसका अध्यक्ष बनाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पोस्ट में कहा- यह कमिटी अवैध घुसपैठ और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसंख्या में बदलाव का आकलन करेगी। साथ ही धार्मिक और सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य बदलाव के पैटर्न की स्टडी करके समाधान भी पेश करेगी। उन्होंने लिखा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से होने वाला असामान्य जनसंख्या बदलाव किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को हाई-लेवल कमिटी की घोषणा की थी।

### तमिलनाडु सरकार ने 14.22 लाख किसानों का कर्ज किया माफ

**चेन्नई।** तमिलनाडु के किसानों के लिए बड़ी राहत की खबर हैं। तमिलनाडु के नए मुख्यमंत्री विजय ने कि किसानों को बड़ी राहत देते हुए सहकारी बैंकों से लिए गए 50 हजार तक के फसल लोन माफ करने का ऐलान किया है। इस फैसले से राज्य के करीब 1,422,000 सीमांत किसानों को सीधा फायदा मिलेगा। सरकार के मुताबिक, इस योजना पर करीब 2,044.46 करोड़ का अतिरिक्त खर्च आएगा। यह कदम किसानों पर बढ़ते कर्ज के बोझ को कम करने और कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के उद्देश्य से उठाया गया है। सरकार ने बयान में कहा कि 50 हजार से कम बकाया फसल लोन वाले सीमांत किसानों का पूरा लोन माफ किया जाएगा।

### पद्म पुरस्कार लेकर हेमा मालिनी हुई भावुक



#### कहा- बहुत ख्याल रखने वाले पति थे यादों से आंखें नम हो गईं

**मुंबई।** सोमवार को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने धर्मेंद्र को मरणोपरांत पद्म पुरस्कार से सम्मानिक किया। हेमा मालिनी ये सम्मान लेने पहुंचीं, जिस समय वो बेहद भावुक हो गईं, जबकि बेटी अहाना फूट-फूटकर रोती दिखीं। अब हेमा मालिनी ने एक भावुक पोस्ट कर कहा है कि सम्मान लेते हुए उन्हें धर्मेंद्र की मौजूदगी महसूस हुई। उन्हें ऐसा लगा जैसे धर्मेंद्र ने उनका हाथ थाम लिया है। हेमा मालिनी ने पद्म पुरस्कार समारोह की तस्वीरों के साथ आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, एक बेहद भावुक और खुशी से भरा पल, ऐसा पल जब मुझे सच में अपने पति धरम जी की गर्मजोशी भरी मौजूदगी महसूस हुई, जैसे वह मेरा हाथ थामकर मुझे उस मंच तक ले जा रहे हों, जहां उनका पद्म विभूषण सम्मान उनका इंतजार कर रहा था। आगे उन्होंने लिखा है, कल शांत और गरिमामयी पद्म पुरस्कार समारोह में, जब महामहिम राष्ट्रपति जी स्वयं सभी योग्य सम्मानित लोगों को पुरस्कार दे रही थीं, तब मैं धरम जी की ओर से वहां मौजूद थी। उस पल मेरे भीतर गर्व की एक गहरी भावना उमड़ पड़ी। उनके साथ बिताए सालों की यादें ताजा हो गईं, पहले कई सफल फिल्मों में उनकी को-स्टार के रूप में और बाद में उनकी जीवनसंगिनी बनकर। इन यादों ने मेरी आंखों को नम कर दिया। हेमा मालिनी ने आगे भावुक होकर लिखा, धर्मेंद्र एक बेहद प्यार करने वाले और ख्याल रखने वाले पति थे, स्नेही पिता और दादा थे, एक सच्चे दोस्त, अच्छे विचारों वाले इंसान, सच्चे मार्गदर्शक और भरोसेमंद साथी थे। धरम जी में ये सभी खूबसूरत गुण थे और उससे भी कहीं ज्यादा। वह एक उदार, नेकदिल और देने वाले इंसान थे, जिन्हें जानने वाला हर व्यक्ति उनसे प्यार करता था। आखिर में हेमा मालिनी लिखती हैं, 'मैंने यह सम्मान विनम्रता के साथ अपने पूरे परिवार, उनके करोड़ों चाहने वालों और शुभचिंतकों की ओर से स्वीकार किया। मैं भगवान का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने मुझे इतना अद्भुत जीवनसाथी दिया, जिनकी यादें मैं अपनी जिंदगी के आखिरी पल तक संजोकर रखूंगी। ये मेरे दिल की सच्ची भावनाएं हैं, जो देश के दूसरे सबसे बड़े सम्मान पद्म विभूषण को धरम जी की ओर से प्राप्त करते समय उमड़ पड़ीं।

### मोहन सरकार फिर ले रही 2800 करोड़ का कर्ज

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार मई के आखिरी सप्ताह में एक बार फिर बड़ा कर्ज लेने जा रही है। राज्य सरकार भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से 2800 करोड़ रुपए का कर्ज दो अलग-अलग किस्तों में उठा रही है। इसमें 1600 करोड़ रुपए और 1200 करोड़ रुपए की राशि शामिल है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में यह चौथी बार है जब सरकार बाजार से कर्ज ले रही है। इसके साथ ही इस वित्त वर्ष में अब तक लिए गए कुल कर्ज का आंकड़ा 9200 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार राज्य सरकार यह कर्ज मध्यप्रदेश राज्य विकास ऋण के तहत आरबीआई के जरिए बॉन्ड जारी कर ले रही है।

### दिल्ली क्वाड बैठक में ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक खत्म हो गई है। इसमें ऑस्ट्रेलिया ने होर्मुज का मुद्दा उठाया। विदेश मंत्री पेनी वोंग ने कहा, ह्यईरान की तरफ से होर्मुज स्ट्रेट बंद किए जाने का असर अब तेल और ऊर्जा सप्लाई पर दिखने लगा है। क्वाड देशों का कहना है कि समुद्री रास्ते खुले रहना जरूरी हैं और वहां से गुजरने वाले जहाजों पर किसी तरह का टोल या रोक नहीं लगनी चाहिए।' इस बैठक में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री शामिल हुए। अमेरिका की ओर से मार्को रूबियो, जापान से तोशिमित्सु मोतेगी और ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेनी वोंग मौजूद रहे। विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के मुद्दे पर कहा कि इसके खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। जिन देशों पर आतंकी हमले होते हैं, उन्हें अपनी सुरक्षा का अधिकार है।

## आशा-एएनएम कार्यकर्ताओं को बड़ी सौगात

# सीएम ने बांटी ई-साइकिलें




दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

प्रदेश के सीएम मोहन यादव ने उज्जैन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इलेक्ट्रिक साइकिल की सौगात दी है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि ई-साइकिल से बहनों को अपने कामकाज में काफी सुविधा मिलेगी, इसके साथ-साथ पेट्रोल-डीजल पर होने वाला खर्च भी बचेगा। वहीं सीएम ने कहा कि आज के समय में ई-साइकिल एक उपयोगी और किफायती विकल्प बनकर सामने आई है।




दीया फंड
अपना केवाईसी अपडेट रखें
ताकि आप बिना किसी रुकावट के बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकें



यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण में कोई बदलाव नहीं हुआ है,
तो आप अपने पुन:केवाईसी के लिए एक स्व-घोषणा पत्र जमा करें - जिसे आप पत्र/ऑनलाइन बैंकिंग/मोबाइल बैंकिंग/एटीएम/बैंक में पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर/ईमेल या कारोबार प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से जमा करवा सकते हैं।

यदि आपके केवाईसी संबंधी विवरण बदल गए हैं,
तो अपडेटेड विवरणों वाले किसी एक दस्तावेज़ की प्रति प्रदान करें: आधार/मतदाता पहचान पत्र/NREGA जॉब कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी पत्र।




आप अपनी नज़दीकी बैंक शाखा में जाकर भी अपना केवाईसी अपडेट करवा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए,
https://rbikehtahai.rbi.org.in/KYC पर जाएँ
आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर:
99990 41935/99309 91935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## धोखेबाजों से बचाने की रणनीति बने...

बाबा की नगरी में बाबा के दर पर धोखेबाजी के मामले कोई नई बात नहीं बची है। ये आए दिन का मामला हो चुका है। देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं में से न जाने कितने ही अब तक इसका शिकार हो चुके हैं। कुछ ने इस धोखेबाजी के खिलाफ आवाज उठाई और कुछ बगैर आवाज उठाए ही यहां से चले गए। आए दिन ऐसे मामले इस बात का द्योतक हैं कि हम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कोई ऐसी स्ट्रेटेजी नहीं बना पा रहे हैं कि वे आएं और धोखेबाजों का शिकार हुए बगैर पूरी सुरक्षित तरीके से अपनी यात्रा को अंजाम देकर लौट जाएं और धोखेबाज हाथ मलते रह जाएं।

**खुसूर फुसूर**

हाल ही में पास के लाल मिट्टी के जिले में माई के दरबार में भी ऐसे ही धोखेबाजों के मामले उठे हैं। वहां मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी करते हुए कहा है कि कुछ अनाधिकृत व्यक्तियों द्वारा मंदिर परिसर में घूम-घूमकर श्रद्धालुओं को हवन-पूजन कराने के नाम पर निजी स्थानों पर ले जाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही हवन कराने हेतु अनावश्यक दबाव भी बनाया जा रहा है। समिति ने इस कृत्य को पूर्णतः अनुचित एवं समिति के नियमों के विरुद्ध बताया है। समिति द्वारा बताया गया कि मंदिर में हवन-पूजन की समस्त व्यवस्थाएं अधिकृत रूप से मंदिर परिसर में ही संचालित की जाती हैं। श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि हवन, पूजन अथवा अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए केवल मंदिर कार्यालय से ही संपर्क करें तथा मंदिर समिति द्वारा जारी अधिकृत रसीद प्राप्त करने के उपरांत ही पूजन कार्य सम्पन्न करवाएं। खुसूर-फुसूर है कि हाईटेक युग में बार-बार ऐसे मामलों का सामने आना यह दर्शा रहा है कि हम आम श्रद्धालु तक अपनी पहुंच नहीं बना पा रहे हैं। या यूं कहें की हमारे प्रयास श्रद्धालुओं को धोखाधड़ी से बचाने में नाकाफी हैं। कई महत्वपूर्ण मंदिरों ने अपनी व्यवस्था अब हाईटेक करते हुए एक सिंगल नंबर जारी किया है। इस पर जिस नंबर से काल किया जाता है उसी नंबर के व्हाटसप पर मंदिर से संबंधित लेटेस्ट जानकारी मिल जाती है। इसी तरह का कोई सुरक्षित उपाय हमारे यहां के देव स्थानों पर भी अपनाया जाना चाहिए और उसके साथ ही देश स्तर पर मंदिर प्रबंध समिति के अधिकृत नंबर एवं वेब साईट का प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए। जिससे श्रद्धालुओं को ज्यादा से ज्यादा जानकारी हो सके। वर्तमान में मोबाईल नंबरों पर सरकारी कंपनी अपने संदेश भेजती है वैसे ही देश भर में श्रद्धालुओं को सर्विस संदेश भेजकर अधिकृत वेब साईट एवं अधिकृत नंबर भेजकर इसका ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार किया जाना चाहिए।

## न्यूज कॉलम

### पुरुषोत्तम मास में गौ माता को खिलाए 55 प्रकार के फल और सब्जियां



**उज्जैन।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री वल्लभ वैष्णव मंडल द्वारा विशेष मनोरथ सप्ताह के अंतर्गत रविवार को गौ चारण मनोरथ का आयोजन किया गया। इस दौरान गौ माता की शोभायात्रा निकाली गई और सुरभि गार्डन में उन्हें 55 प्रकार के फल व सब्जियों का गौ ग्रास कराया गया। इसके साथ ही महाप्रभुजी की बैठक पर माखन चोरी के मनोरथ के विशेष दर्शन आयोजित किए गए। मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में गोधूलि वेला में महाप्रभुजी की बैठक से एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें ग्वाल बैलगाड़ी पर सवार होकर सुरभि गार्डन पहुंचे। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि मार्ग में सैकड़ों वैष्णवों ने कृष्ण स्वरूप और ग्वालों पर पुष्पवर्षा की। कार्यक्रम के मुख्य मनोरथी विजय तिवारी ने सर्वप्रथम गौ माता का पूजन किया। इसके पश्चात सुरभि गार्डन में सजे 55 प्रकार के फल और सब्जियों के स्टॉल पर वैष्णवों व ग्वालों ने अपने हाथों से गौ माता को भोजन कराया। गौ ग्रास के पश्चात सुरभि गार्डन में छाक लीला महोत्सव मनाया गया। इसमें बच्चे और बड़े मटकी लेकर शामिल हुए और ठाकुर जी का प्रसाद सभी वैष्णवों में वितरित किया गया।

### प्रभारी मंत्री टेटवाल ने गयाकोठा ऋषि तलाई से किया शुभारंभ

# गंगा दशमी पर 10 लाख पौधारोपण का श्रीगणेश

## नगर निगम ने विभिन्न क्षेत्रों में 3 लाख गड्ढे किए, 7 लाख के लिए स्थान चयनित





### गंगा दशहरा पर क्षिप्रा घाटों पर श्रद्धालुओं ने किया स्नान साधु-संतों ने की पूजा-अर्चना

उज्जैन में गंगा दशहरा के अवसर पर सोमवार को श्रद्धा और आस्था का माहौल रहा। पवित्र क्षिप्रा नदी के घाटों पर सुबह से ही स्नान और पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। साधु-संतों, महामंडलेश्वरों और देश-विदेश से आए अनुयायियों ने विधि-विधान से मां गंगा और क्षिप्रा नदी का पूजन कर पुण्य स्नान किया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रवींद्र पुरी और महामंत्री हरिगिरि महाराज सहित कई संतों ने क्षिप्रा में डुबकी लगाई। उन्होंने सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला।

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गंगा दशमी पर नगर निगम के 10 लाख पौधारोपण का श्री गणेश किया गया है। प्रभारी मंत्री ने गयाकोठा ऋषितलाई से इसका शुभारंभ किया है। इसी के साथ यहां श्रमदान भी किया गया। इस अवसर पर आईईसी एजेंसी के सदस्यों द्वारा मानव श्रृंखला बना कर जल संरचनाओं के संवर्धन का संदेश दिया गया।

इसी के साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा ऋषि तलाई पर वृहद पौधारोपण अभियान का आरंभ करते हुए पौधारोपण किया गया। जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा अंकपात मार्ग गायकोटा स्थित ऋषि तलाई पर वृहद पौधारोपण एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक अनिल जैन कालीहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल आयुक्त अभिलाष मिश्रा के विशेष अतिथि में आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ ऋषि तलाई के गहरीकरण कार्य हेतु श्रमदान किया गया गया आयोजन के अवसर पर फ्लेक्सी पेवमेंट का डेमो दिया गया।

### लक्ष्य 10 लाख का गड्ढे 3 लाख

उज्जैन शहर को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने एवं पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत रखते हुए आगामी समय में निगम द्वारा 10 लाख से अधिक पौधों को लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्तमान में 03 लाख से अधिक गड्ढों को विभिन्न क्षेत्रों में किया जा चुका है। ऐसे स्थानों का चयन किया गया है जहां वृहद स्तर पर पौधारोपण किए जा सकते हैं।

### ये जगह पौधा रोपण के लिए चयनित

पौधारोपण के अंतर्गत निगम द्वारा जो प्रमुख स्थान चयनित किए गए हैं जिसमें विक्रम विश्वविद्यालय, एमआर 5 ट्रांसफर स्टेशन, मेघदूत पार्किंग के पीछे, चकोर पार्क, शक्तिपथ रोड, शहर के वार्डों में स्थित 400 से अधिक उद्यान, शहर के विभिन्न मार्गो, सड़क किनारे, संस्थानिक भूमि और अन्य सरकारी कार्यालय, सभी जलाशयों के किनारे, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कपिला गौशाला, काल भैरव मंदिर, गोंदिया टेचिंग ग्राउंड इत्यादि क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य स्थानों पर भी वृहद स्तर पर पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्षा ऋतु के आरंभ होने पर पौधारोपण कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। सभी पौधों को जिओ टेग किया जाना है।

### माधव कालेज प्राचार्य पर मनमानी का आरोप, थाने में आवेदन दिया

# बगैर प्रक्रिया पूर्ण किए अजा छात्र को कॉलेज से किया निष्काषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन





शासकीय माधव महाविद्यालय प्राचार्य पर एम ए द्वितीय सेमेस्टर दर्शन शास्त्र के विद्यार्थी एवं शाजापुर निवासी अखिलेश पिता शंकरलाल अस्तेय ने जातिगत आधार पर दुर्भावना पूर्वक कॉलेज से निष्काषित करने का आरोप लगाया है। छात्र ने इसे लेकर अजाजजा थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग रखी है। साथ ही कहा कि प्राचार्य श्रीमती डॉ. कल्पना सिंह ने नियम कानून को ताक में रखकर ऐसा किया है।

छात्र ने बताया कि वह 8 मई को शैक्षणिक कार्य से कालेज गया था। इस दौरान प्राचार्या कुछ विद्यार्थियों को विशेष सुविधा के हिसाब से अलग कमरे में परीक्षा दिलवा रही थी । इस पर मैने आपत्ति ली थी। परीक्षा दे रहे ऐसे विद्यार्थियों का वीडियों अपने मोबाइल से बनाया था। इस पर नाराज हुई और जाति सूचक शब्दों का उपयोग करते हुए कहा कि तुम्हे ज्यादा नेतागिरी चढ़ रही है। अभी पुलिस में नकल में मदद करने तथा शासकीय कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने का मुकदमा दर्ज करवा दूंगी। सब नेतागिरी धरी रह जाएगी, भविष्य बर्बाद हो जाएगा। इस दौरान छात्र हिमांशु शुक्ल एवं रोहित लश्करी भी उपस्थित थे। इसके बाद 13 मई को मुझे बुलाकर पुनः धमकाया गया। शासकीय कार्य में बाधा व परीक्षार्थियों को नकल करवाने का झूठा मुकदमा दर्ज करवाने की धमकी देकर एक शपथ पत्र का प्रोफार्मा कम्प्यूटर से निकाल कर दिया और स्टाम्प पर इसे लाकर देने का कहते हुए प्राचार्या ने रूपए 200/- भी दिए। मैडम के द्वारा दिए गए प्रोफार्मा अनुसार शपथ पत्र तैयार कर मैडम को दिया गया। इसके उपरांत 20 मई को महाविद्यालय पहुंचने पर एक माह के निलंबन का पत्र मुझे दिया गया। इस पर प्राचार्या को निलंबन की प्रक्रिया के पालन के संबंध में कहा गया तो प्राचार्य ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए धक्के देकर कॉलेज से निकाल दिया और बोला कि आज के बाद कॉलेज में नजर आया तो तुझे पुलिस में रिपोर्ट डालकर जेल भिजवा दूंगी तेरा भविष्य खराब कर दूंगी तूने अभी नेट व सेट की जो एक्जाम दी है भविष्य में कहीं भी नौकरी करने लायक नहीं छोड़ूंगी। सभी घटना कॉलेज में लगे सी सी टीवी कैमरों में कैद हुई है जिनको जब्त कर साक्ष्य देखे जा सकते हैं।

### ये है निष्कासन की प्रक्रिया

विधि के जानकारों के अनुसार किसी भी विद्यार्थी को विद्यालय / महाविद्यालय से दंड स्वरूप निष्कासन की प्रक्रिया में नियमों का पालन किया जाना आवश्यक है। इस प्रक्रिया के बगैर निष्कासन विधिमान्य नहीं होता है। ऐसे मामलों में निष्कासन को न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।

1. **शिकायत**: टीचर, वार्डन या दूसरे छात्र लिखित शिकायत करते हैं।
2. **शो-कॉज नोटिस**: कॉलेज 7-15 दिन में जवाब मांगता है। क्यों न आपको निकाला जाए?
3. **जांच कमेटी**: प्रॉक्टर / अनुशासन समिति गवाह बुलाती है, सबूत देखती है।
4. **सुनवाई**: छात्र को अपना पक्ष रखने का मौका मिलता है। वकील ले जा सकते हो।
5. **फैसला**: प्रिंसिपल / वीसी फाइनल ऑर्डर निकालते हैं।

### आरबीआई से बैंकों में मांग की तुलना सिर्फ 25 प्रतिशत मिल रहा केश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिछले कुछ दिनों से बैंकों में नकदी की शार्टेज की समस्या खड़ी हो गई। डिमांड की तुलना आरबीआई से 25 प्रतिशत नकदी मिल पा रही है। ऐसे में बैंक ग्राहकों को परेशानी होना शुरू हो गई। अधिकारी नकदी के बजाय आरटीजीएस करने की सलाह देने लगे हैं। पिछले करीब 10-12 दिनों से अचानक बढ़ी केश की डिमांड को लेकर बैंक अधिकारी भी पसोपेश में है। ज्यादातर बैंकों ने आरबीआई को पत्र भेजकर ज्यादा नकदी की मांग भी की। डिमांड के मुताबिक केश की उपलब्धता नहीं होने के कारण बैंक अफसरों को अपने स्तर से ही मैनेज करना पड़ रहा है। हर दिन मिलने वाली केश की उपलब्धता के आधार पर अधिकारियों ने केश की लिमिट तय करना शुरू दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसानों को नकदी मिल जाए।

### शिप्रा का अस्तित्व बचाने के लिए आज से आमरण अनशन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक और अधिवक्ता आचार्य सत्यम सत्यनारायण पुरोहित(75) ने केंद्र और राज्य सरकार पर पौराणिक शिप्रा नदी सहित देश की नदियों के अस्तित्व को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि गाय, गंगा, गौरी और पर्यावरण संरक्षण को लेकर पिछले 14 सालों से लगातार अनदेखी की जा रही है। इसी के विरोध में उन्होंने मंगलवार सुबह 10 बजे से नृसिंह घाट पर आमरण अनशन शुरू करने का निर्णय लिया है। आचार्य सत्यम ने बताया कि आमरण अनशन और सत्याग्रह की सूचना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, स्थानीय प्रशासन और विपक्ष के नेताओं को भेज दी गई है।

### तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर

## आशा कार्यकर्ताओं का कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन

### भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वास्थ्य विभाग की आशा एवं उषा कार्यकर्ताओं ने तीन माह से भुगतान नहीं मिलने के विरोध में सोमवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचीं आशा कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि पिछले तीन महीनों से वेतन और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है। कई परिवारों के सामने रोजमर्रा के खर्च चलाने तक की समस्या खड़ी हो गई है।

**काम के बदले दाम नहीं मिल रहा-** आशा कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष निर्मल यादव ने बताया कि वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा हर साल एक हजार रुपये बढ़ाने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक उसका लाभ नहीं मिला। उन्होंने कहा कि समय पर किसी प्रकार का इंसेंटिव नहीं मिलता और आयुष्मान कार्ड बनाने का भुगतान भी अब तक लंबित है। उन्होंने बताया कि जनवरी, फरवरी और मार्च का भुगतान अधूरा है, जबकि अप्रैल और मई का इंसेंटिव अभी तक जारी नहीं किया गया। लाखों रुपये का बजट आने के बावजूद आशा कार्यकर्ताओं को भुगतान नहीं मिल पा रहा है।

### परिवार चलाने में हो रही परेशानी

आशा कार्यकताओं ने बताया कि लगातार भुगतान अटकने से उनकी आर्थिक स्थिति नाजुक हो चुकी है। कई महिलाएं विधवा और परित्यक्ता हैं तथा पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं पर है। ऐसे में घर चलाना और बच्चों का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कम मानदेय में काम करने के बावजूद उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिल रहा, जिससे भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### पूर्ण भुगतान तक जारी रहेगी हड़ताल

आशा एवं उषा कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि जब तक उनका पूर्ण भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगी। उन्होंने कहा कि भुगतान होने तक कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा।

### रीवा में साध्वियों के साथ हुई घटना के विरोध में समाजजनों ने निकाली मौन रैली

# राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में सकल जैन समाज ने सोमवार को विशाल मौन रैली निकाली। यह रैली रीवा में जैन साध्वियों के साथ हुई घटना के विरोध में आयोजित की गई थी। समाजजनों ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करने की मांग की।

फ्रीगंज से शुरू हुई यह रैली घंटाघर पहुंची। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन, महिलाएं और युवा शामिल हुए। शहर के विभिन्न जैन समाजों, महिला मंडलों, युवा संगठनों और सामाजिक संस्थाओं के हजारों लोगों ने शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से भाग लिया।

### मौन रहकर हाथों में बैनर और तख्तियां लिए आगे बढ़े

रैली की शुरुआत फ्रीगंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर से हुई। पूज्य आचार्यों और संतों के मार्गदर्शन में समाजजन मौन रहकर हाथों में बैनर और तख्तियां लिए आगे बढ़े। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए घंटाघर पहुंची, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। इस कार्यक्रम में पूज्य आचार्य डॉ. मुक्तिसागरसूरिजी महाराज, पूज्य डॉ. संयमरत्नविजयजी महाराज और पूज्य आर्यिका ज्ञेयमतिमाताजी संसघ विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली में पुरुष वर्ग सफेद वस्त्रों में जबकि श्राविकाएं केशरिया वस्त्र धारण कर शामिल हुईं।

### दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि रीवा की घटना से पूरा जैन समाज आहत है। समाज की मांग है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, देशभर में जैन संतों, साध्वियों और आर्यिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति लागू करे।

## न्यूज ब्रीफ

### कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं, किया त्वरित निराकरण

**इंदौर।** इंदौर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी मंच बनकर उभरी रही है। जनसुनवाई में पहुंचे विभिन्न आवेदकों की समस्याओं को कलेक्टर शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता के साथ सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए त्वरित सहायता सुनिश्चित की। प्रशासन की जनहितैषी एवं मानवीय कार्यशैली से लाभान्वित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। जनसुनवाई में पहुंचे अखिल भारतीय स्वतंत्रता सेनानी परिवार कल्याण परिषद के सदस्यों ने कलेक्टर श्री शिवम वर्मा का पगड़ी पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मान किया।

### वर्षा ऋतु से पहले सड़क और ब्रिज निर्माण कार्य करे पूर्ण

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सड़कों की मरम्मत, अपूर्ण सड़क एवं ब्रिज निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर वर्मा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि बारिश के दौरान कहीं भी जलभराव अथवा यातायात अवरोध जैसी स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए अभी से प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय, नगर निगम इंदौर के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### टीले पर चढ़कर तालाब में कूदा नाबालिग, गाद में फंसने से मौत

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया एक नाबालिग डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच की है। वह पानी में एक टीले से कूदा था, जहां गाद में फंस गया। दोस्तों ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद आसपास के लोगों से मदद मांगी गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। टीआई देवेंद्र मरकाम के मुताबिक, महादेव नगर निवासी आशीष मकवाना अपने करीब 7 दोस्तों के साथ बिलावली तालाब में नहाने पहुंचा था। इस दौरान वह गहराई में जमी गाद में फंस गया। हादसे में उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### राह-वीर योजना अंतर्गत प्रोत्साहन स्वरूप 25 हजार रुपये का मिला पुरस्कार

**इंदौर।** इंदौर में एक सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अपस्ताल पहुँचाकर नया जीवन देने वाले निलेश गौर को राज्य शासन के राह-वीर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सम्मान स्वरूप उन्हें कलेक्टर शिवम वर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 25 हजार रुपए भी दिए गए हैं। यह अवार्ड आज उन्हें कलेक्टर कार्यालय में सौंपा गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हासानी भी उपस्थित थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने निलेश गौर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कहा कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पीड़ित को गोल्डन ऑवर में इलाज के लिए निकटतम अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाकर अनुकरणीय कार्य किया है।

### अहिल्याकुण्ड हमारी ऐतिहासिक धरोहर है, इसे सहेजना होगा

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशानुसार इंदौर जिले में गंगा दशमी का पर्व उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिले के चारों विकासखण्डों में जल संरक्षण और संवर्धन संबंधी अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिले के सांवेर तहसील में बरलई जागीर में गंगा दशहरा का भव्य कार्यक्रम मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां अहिल्याबाई ने 300 वर्ष पूर्व जल, जमीन, जंगल और जीवन बचाने के लिए तालाब, कुएं, बावडी, कुण्ड के साथ ही मंदिरों का निर्माण कराया। आज वह मंदिर और कुएं बावडी ऐतिहासिक धरोहर बन गए है। इस अहिल्याकुण्ड को देखकर सोच रहा हूँ कि यहाँ पर्यटक लोग आए और इसे देखे। इससे यहाँ के लोगों को रोजगार मिलेगा और इस क्षेत्र का विकास होगा।

### अनुसूचित जाति के युवाओं को 50 लाख तक का मिलेगा लोन

**इंदौर।** राज्य शासन द्वारा अनुसूचित जाति के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति के युवाओं को उद्योग, व्यवसाय तथा सेवा ईकाई स्थापना के लिये 10 हजार रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का लोन दिया जायेगा। जिले में इस वर्ष इन योजनाओं के लक्ष्य प्राप्त हो गए हैं। जिले में इस वर्ष तीन विभिन्न योजनाओं में 340 युवाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य शासन के मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के लिये संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना क्रियान्वित की जा रही है।

---

### जनसंपर्क विभाग के उज्जैन कार्यालय में पदस्थ कर्मी कपिल की एक और फिल्म रीलिज

# पत्रकार से बोला - जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

संभागीय जनसंपर्क कार्यालय में पदस्थ परीविक्षाधीन कर्मी एवं विभागीय परीक्षा दिए बगैर सिर्फ पद नाम का अधिकारी कपिल मिश्रा की बदमिजाजी, अभद्रता एवं बडबोलेपन का एक और मामला उजागर हुआ है। इसने दैनिक लोकदेश के जिला ब्यूरो तथा सेटेलाइट न्यूज चैनल स्वदेश न्यूज के संवाददाता के साथ अभद्रता एवं धमकी देते हुए कहा कि -जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो...। संबंधित पत्रकार वासुदेव (विशाल) दुबे ने इसकी शिकायत जनसंपर्क आयुक्त सहित तमाम अधिकारियों से की है। देखना है कि पूर्ववत घुटना पेट की तरफ झुकता है या फिर न्याय का पक्ष लिया जाता है।

श्री दुबे ने अपनी शिकायतों का पुलिंदा खोलते हुए अभद्रता की हदें लांघने वाले दुस्साहसी कपिल की हरकतों को सिलसिलेवार रखा है। उन्होंने इसकी रिकार्डिंग एवं अन्य साक्ष्य भी इसके अधिकारियों को संलग्न कर भेजे हैं लेकिन कार्रवाई की स्थिति में अब तक कुछ भी सामने नहीं आया है। ऐसे में विभागीय अधिकारियों की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा हो गया है।



**ये है मामला-** श्री दुबे ने दैनिक अवंतिका को अपनी शिकायतों से अवगत करवाते हुए बताया कि वे दो संस्थानों से अधिकृत रूप से जुड़े हुए हैं। इसकी जानकारी जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन में पंजीबद्ध है। अधिकृत परिचय पत्र/नियुक्ति संबंधी दस्तावेज संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन में पूर्व से जमा हैं। उनके अनुसार संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन द्वारा शासन-प्रशासन की गतिविधियों, मुख्यमंत्री/मंत्रियों के दौरे, प्रशासनिक कार्यक्रमों, प्रेस विज्ञप्तियों एवं अन्य शासकीय सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु पीआरओ उज्जैन नामक व्हाट्सएप ग्रुप संचालित किया जा रहा है, जिसमें मैं विगत लगभग तीन वर्षों से जुड़ा हुआ था। 24 मई को ग्रुप के एडमिन अभिषेक सिंह राठौड़ (मोबाइल नंबर 6263737706), जो जनसंपर्क कार्यालय में सोशल मीडिया हैंडलर के रूप में कार्यरत हैं ने उन्हें बगैर किसी पूर्व सूचना, कारण अथवा वैधानिक अधिकार के ग्रुप से हटा दिया। इस प्रकार मुझे शासकीय सूचनाओं से जानबूझकर वंचित किया गया, जिससे मेरे पत्रकारिता कार्य में गंभीर बाधा उत्पन्न हुई। इस संबंध में प्रभारी संयुक्त संचालक जनसंपर्क अरुण कुमार राठौर से जानकारी लेने पर उन्होंने जानकारी होने से इंकार किया और कहा कि वे इस विषय में संबंधित कर्मचारी से बात करेंगे। श्री राठौड़ से जानकारी लेने पर उन्होंने ऊपर से आदेश का हवाला देते हुए सहायक जनसंपर्क अधिकारी कपिल मिश्रा से बात करने को कहा। श्री मिश्रा (मोबाइल नंबर 8839327673) से इस संबंध में पूछे जाने पर अव्वल तो उन्होंने विषय से अनभिज्ञता जताई। बाद में अत्यंत अभद्र एवं धमकीपूर्ण भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि -जहां शिकायत करना है कर दो, जितनी खबर लगानी है लगा दो...। यही नहीं उलट आरोप लगाते हुए मिश्रा ने कहा कि मैं विभागीय कर्मचारी को डरा-धमका रहा हूं। पत्रकार श्री दुबे ने अपनी शिकायत के पक्ष में व्हाटसप ग्रुप का स्क्रीनशॉट, कॉल रिकॉर्डिंग / चैट प्रमाण संबंधित दस्तावेजों की प्रतिलिपि भी उपलब्ध करवाए हैं।

#### पत्रकारों के काम में बाधा डाल रहा

- श्री दुबे ने आरोप में कहा कि यह पहली घटना नहीं है। पूर्व में भी कपिल मिश्रा ने कई महत्वपूर्ण शासकीय कार्यक्रमों की जानकारी समय पर उपलब्ध नहीं कराई । इस कारण अनेक पत्रकार कवरेज एवं बाइट लेने से वंचित रह गए।
- 5 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उज्जैन दौरे की सूचना समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई, जिसकी शिकायत पत्रकारों द्वारा मौके पर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह से मौखिक की थी। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को सभी पत्रकारों को समयपूर्व सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए थे।
- 15 मई को मुख्यमंत्री के रामघाट पर सिंहस्थ निर्माण कार्यों के निरीक्षण कार्यक्रम की सूचना भी समय पर उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे पुनः कई पत्रकार कवरेज से वंचित रहे। इस संबंध में भी पत्रकारों ने कलेक्टर को चर्चा कर अवगत करवाया था।

#### मैं करोड़पति हूँ नाम की नौकरी करता हूँ

दो माह पूर्व कपिल मिश्रा के गैर-जिम्मेदाराना रवैये के विरुद्ध सीपीआर को भी शिकायत संभागीय जनसंपर्क कार्यालय उज्जैन के कर्मचारी अशोक मोहरे द्वारा भी की गई थी। श्री मिश्रा कार्यालय के कर्मचारियों के साथ बदतमीजी करते हैं, उन्हें डराते-धमकाते हैं तथा अहंकारपूर्ण अंदाज में कहते हैं कि मैं करोड़पति हूँ, नाम के लिए नौकरी करता हूँ।

#### प्रशासकीय अधिकारियों को भी नहीं बख्शा

शिकायत में बताया गया है कि कपिल मिश्रा के व्यवहार के कारण कार्यालय में अनुशासनहीनता फैल गई है। इसके अतिरिक्त पूर्व में उनका एसडीएम एवं तहसीलदार के साथ विवाद हो चुका है, जिसकी शिकायत पहले भी वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष पहुंच चुकी है। जनसंपर्क विभाग को श्री महाकाल मंदिर की व्यवस्था से प्रथक किए जाने के दौरान भी मिश्रा ने एक आईएएस अधिकारी से अभद्रतापूर्ण व्यवहार को अंजाम दिया था।

#### विभाग में पत्रकारों से भेदभाव

शिकायत में बताया गया है कि जनसंपर्क विभाग में कार्यरत कुछ अधिकारी / कर्मचारी जानबूझकर चुनिंदा पत्रकारों को ही सूचनाएं उपलब्ध करा रहे हैं तथा अन्य पत्रकारों के साथ भेदभावपूर्ण एवं पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं। इससे निष्पक्ष पत्रकारिता प्रभावित हो रही है तथा शासन की सूचनाओं के समान प्रसार की भावना भी आहत हो रही है।

#### ये रखी मांग

शिकायत में श्री दुबे ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराए जाने, पत्रकारों के साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण व्यवहार को बंद करने, सभी मान्यता प्राप्त एवं सक्रिय पत्रकारों को समान रूप से शासकीय सूचनाएं उपलब्ध कराने, कपिल मिश्रा द्वारा की गई अभद्रता, मानसिक प्रताड़ना एवं धमकीपूर्ण व्यवहार पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई करने,पत्रकारों को सूचना समूहों से हटाने एवं शासकीय सूचनाएं रोकने के कारणों की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग रखी है।

---

# पुत्र बनकर कलेक्टर ने वृद्ध माता-पिता को दिलाया न्याय, बुजुर्गों ने दिया आशीर्वाद

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

उम्र के इस पड़ाव में जब अपने भी साथ छोड़ देते हैं, तब प्रशासन का अपनापन किसी संबल से कम नहीं होता। कलेक्ट्रेट में आयोजित विशेष जनसुनवाई शिविर में कुछ ऐसा ही भावुक दृश्य देखने को मिला, जब अपनी समस्याओं का बोझ लेकर पहुंचे बुजुर्गों को न केवल न्याय मिला, बल्कि सम्मान और आत्मीयता भी मिली।

कलेक्टर ने एक पुत्र की भूमिका निभाई और वृद्धजनों को न्याय दिलाया। बुजुर्गों की आंख से आंसू छलक पड़े, उन्होंने कलेक्टर को आशीर्वाद दिया। कलेक्टर शिवम वर्मा की पहल पर बुजुर्ग माता-पिता की पीड़ा को देखते हुए हर बार जनसुनवाई में आने वाले आवेदन को शिविर लगाकर एक साथ एक ही जगह निराकरण किया।

शिविर में कलेक्टर एक पुत्र की भूमिका में नजर आए प्रत्येक बुजुर्ग के पास जाकर उन्होंने उनकी शिकायत सुनी और उसका निराकरण भी करवाया। लंबे समय से चले आ रहे आवेदन ऑन का निराकरण शिविर में चंद्र घंटे में ही हो गया और बुजर्ग माता-पिता झलकने लगी। कलेक्टर आशीर्वाद देकर कहा कि जिसे जन्म दिया उसने धोखा दे दिया, यहां हमें न्याय मिल गया। कलेक्टर ने वृद्धजनों का स्वागत कार उन्हें फल और मिठाई भी खिलाई। जिले के सभी एसडीएम यहां अधिकारी नहीं, बल्कि बच्चों की तरह वृद्धजनों की शिकायत सुन रहे थे। जिनका तुरंत निराकरण संभव था।



- उपसिर्फ शिकायतें सुनना ही नहीं, बल्कि बुजुर्गों की जरूरतों का ध्यान भी रखा गया। वयोश्री योजना के अंतर्गत 111 वृद्धजनों को व्हीलचेयर, वॉकर, हियरिंग एड, वॉकिंग स्टिक और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए विशेष शिविर में बुजुर्गों की जांच, उपचार और परामर्श की व्यवस्था भी की गई।
- सुनवाई के दौरान कई बार भावुक दृश्य देखने को मिले। कोई बुजुर्ग अपनी समस्या सुनाते हुए रो पड़ा तो किसी ने समाधान मिलने पर अधिकारियों को आशीर्वाद दिया। कलेक्ट्रेट का सभागृह उस समय किसी कार्यालय से अधिक एक परिवार जैसा महसूस हो रहा था, जहां बुजुर्गों की तकलीफों को संवेदनशीलता के साथ सुना और समझा जा रहा था।
- कलेक्टर वर्मा ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनकी सेवा करना प्रशासन का दायित्व ही नहीं, बल्कि मानवीय कर्तव्य भी है। यह विशेष जनसुनवाई शिविर केवल प्रशासनिक पहल नहीं रहा, बल्कि उन बुजुर्गों के लिए उम्मीद की नई किरण बन गया, जिन्हें लंबे समय बाद यह एहसास हुआ कि उनकी सुनने वाला भी कोई है।

#### कई वर्षों की पीड़ा सुनी, एफ चेहरे पर लौट आई मुस्कान, आंख से बहने लगे आंसू

- उनका वहीं निदान किया गया। जिनाक नहीं हुआ उन्हें बुलाया गया है उनके आने के बाद ही आगामी आदेश दिए जाएंगे। शिविर में आने वाले कई बुजुर्ग ऐसे भी थे, जिनकी आंखों में वर्षों की पीड़ा और उपेक्षा साफ दिखाई दे रही थी। किसी के बेटे-बहू ने मकान छीन लिया, खाना नहीं देते हैं कुछ के अत्याचार की बात भी सामने आई। किसी की पेंशन बंद थी, कोई भरण-पोषण के लिए दर-दर भटक रहा था तो कोई टी पारिवारिक विवादों से टूट चुका था।
- जब उनकी समस्याओं पर मौके पर कार्रवाई शुरू हुई तो उन्हीं आंखों में उम्मीद की चमक लौट आई। किसी वृद्ध मां ने हाथ उठाकर दुआ दी तो किसी बुजुर्ग पिता ने भावुक होकर कहा- आज लगा कि सरकार हमारे लिए भी है। इस विशेष जनसुनवाई में कुल 331 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें पेंशन, स्वास्थ्य, पारिवारिक विवाद और भरण-पोषण से जुड़े मामले प्रमुख रहे। कई मामलों का तत्काल निराकरण किया गया। 10 वृद्धजनों की पेंशन संबंधी समस्याएं मौके पर हल हुईं, वहीं 26 वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण अधिनियम के तहत आदेश की प्रतियां सौंपी गईं।

---

### सीएम यादव ने उज्जैन सर्किट हाउस में

# दादा गुरु महाराज से सौजन्य भेंट कर आशीर्वाद लिया



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन हेलीपेड पर आयोजित कार्यक्रम मे स्व-सहायता समूह की उत्कृष्ट सीआरपी दीदीयों तथा प्रोजेक्ट सवर्धन अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम को सीएसआर अंतर्गत ईमोटर्ड कम्पनी के द्वारा सी एस आर फंड दी गई इलेक्ट्रॉनिक साईकिल वितरण किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक साईकिल महिलाओं के दैनिक कार्यों में सुगमता प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके उपयोग से दीदीयों को आवागमन में सुविधा, आर्थिक एवं समय की बचत होगी। विशेष रूप से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए यह एक उपयोगी एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन का साधन है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल की बचत तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु किए गए आव्हान के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक साईकिल का उपयोग ऊर्जा संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे दीदीयों को दैनिक कार्यों में ईंधन की खपत नही होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और अनुकूलन भी होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दीदीयों को इलेक्ट्रॉनिक साईकिल उपलब्ध कराना उनकी कार्यक्षमता, आत्मनिर्भरता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

---

### शंकराचार्य नरेंद्राचार्य ने की स्वदेशी अपनाने की अपील

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

शंकराचार्य नरेंद्राचार्य महाराज ने भोजशाला फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए स्वागत किया। उन्होंने उज्जैन की बिना नींव वाली मस्जिद की जांच कराने और वहां मंदिर होने पर पूजा की अनुमति देने की बात कही। मंदिरों के सरकारीकरण का विरोध करते हुए स्वदेशी अपनाने और सिंहस्थ कार्यों की भी सराहना की। सुमेरु पीठ के शंकराचार्य नरेंद्राचार्य महाराज ने उज्जैन में अमर उजाला से विशेष चर्चा करते हुए कहा भोजशाला के निर्णय की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय ऐतिहासिक है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि उज्जैन की बिना नीव की मस्जिद की जांच भी मशीनों से होनी चाहिए, ताकि सच सामने आ सके। शंकराचार्य जी ने कहा कि अगर इस स्थान पर भगवान शिव का मंदिर है तो यह स्थान पूजन पाठ के लिए दे देना चाहिए और यहां से मजार और अन्य स्थान को हटाना चाहिए। कुंभ क्षेत्र में सनातनियों के अतिरिक्त दूसरों को यहां नहीं रहना चाहिए। शंकराचार्य जी ने मंदिरों के सरकारीकरण पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने कहा कि मंदिरों का सरकारीकरण होना गलत है। हिन्दू मंदिरों की व्यवस्था सरकार के पास है, लेकिन मस्जिद, चर्च और गुरुद्वारों की व्यवस्था सरकार के पास क्यों नहीं है?

---

## सीएम हेल्पलाइन में पानी की 2300 से अधिक शिकायतें

### मेयर हेल्पलाइन में भी मामले दर्ज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सीएम हेल्पलाइन एप पर लगातार पानी की शिकायतें ही कर सबसे अधिक चल रही हैं और भीषण गर्मी में इन दिनों 2300 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

इनमें से लेबल 4 में 150 शिकायतें पहुंची हैं जो भोपाल में बैठे अधिकारी देखते हैं। पानी के अलावा नगर निगम से संबंधित सीवरेज, साफ सफाई, भवन अनुज्ञा, अतिक्रमण जैसी शिकायतें भी अधिक हैं।

कुल शिकायतों की बात की जाए तो 4797 शिकायतें हैं। लेवल 1 पिछले दो सप्ताह से लगातार बढ़ रहे आंकड़े, कुल शिकायतें पहुंची 4800 के करीब में 2830 शिकायतें दर्ज हैं।

मेयर हेल्पलाइन एप में भी अलग से शिकायतें दर्ज हैं जिनका निराकरण 24 घंटे में करना होता है। आयुक्त के सख्त निर्देश के बावजूद शिकायतों में कमी नहीं आ रही है। भीषण गर्मी में वैसे तो हर साल पीने के पानी की किल्लत होती है मगर इस बार यह किल्लत अधिक है और लोग पिछले दो सप्ताह से पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। कांग्रेस ने पिछले सप्ताह पूरे शहर में पानी को लेकर प्रदर्शन भी किया था और अपर आयुक्तों से पार्षदों की जमकर बहस हुई थी। इधर सीएम हेल्पलाइन एप में पानी की ही शिकायतें सबसे अधिक चल रही हैं।

पूरे साल यह आंकड़ा सबसे अधिक होता है। इन दिनों पानी की शिकायतें 2300 से अधिक हैं। सभी 22 झोन में लगभग 106 टंकियों से नर्मदा पानी की सप्लाय की जाती है, लेकिन इन दिनों भीषण गर्मी में कई जगह नलों में पानी नहीं आ रहा है। टंकियां कम भरी जा रही हैं और थोड़ी देर में ही नल बंद हो जाते हैं।

---

### पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा बोले- मेयर ऐक्सिडेंटल महापौर, कार्यकर्ताओं ने लगाए मुर्दाबाद के नारे

# इंदौर में पानी संकट पर कांग्रेस का राजबाड़ा में धरना-प्रदर्शन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

पानी संकट को लेकर कांग्रेस का राजबाड़ा पर धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। प्रदर्शन में कांग्रेस के कई नेता, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए हैं। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। धरने में पहुंचे पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने महापौर पर जमकर निशाना साधते हुए उन्हें ऐक्सिडेंटल महापौर बताया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापौर मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।




कांग्रेस का आरोप है कि शहर में लगातार गहराते जल संकट से आम जनता परेशान है। कई कॉलोनियों, बस्तियों और मोहल्लों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा। टैंकरों से भी जरूरत पूरी नहीं हो रही और लोगों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। महिलाएं हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर राजबाड़ा पहुंचीं और पानी की समस्या को लेकर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान उन्होंने नगर निगम और महापौर के खिलाफ नारेबाजी भी की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि जल संकट और नगर निगम की लापरवाही के खिलाफ यह बड़ा आंदोलन किया जा रहा है। कांग्रेस महापौर के इस्तीफे की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि पूरे शहर में पानी को लेकर त्राहिमाम मचा हुआ है, लेकिन नगर निगम और महापौर समस्या के समाधान में विफल रहे हैं।

#### कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार महापौर इस्तीफा दो के नारे लगा रहे

धरना-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता लगातार महापौर इस्तीफा दो के नारे लगाते रहे। जल संकट को लेकर नाराज कार्यकर्ताओं ने नगर निगम प्रशासन और महापौर के खिलाफ जमकर विरोध जताया। धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। महिलाएं हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर राजबाड़ा पहुंचीं और पानी की समस्या को लेकर विरोध जताया।

## न्यूज कालम



## ईद त्यौहार को लेकर शांति समिति बैठक का हुआ आयोजन

**मंडलेश्वर।** आगामी त्यौहार ईद को देखते हुए नगर में अमन शांति बनाए रखने के लिए रविवार की शाम को पुलिस थाना परिसर पर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीओपी श्वेता शुक्ला, नायब तहसीलदार संजय बावेल, थाना प्रभारी पंकज तिवारी, नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे के समक्ष शांति समिति बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सभी धर्मों के पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजनों से बैठक में सभी के विचार जाने। बैठक में सदर शाहिल कुरैशी, एजाज कुरैशी ने ईद पर होने वाली नमाज, कुबार्नी आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर नादरा से असलम खान, छोटी खरगोन से शब्बीर पठान, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि हरि गाडगे, पार्षद प्रतिनिधि तय्यब अली बवाहिर, गुड्डू केवट, हरि अग्रवाल, नगर परिषद से संजय कोलोसिया एमपीईबी से जेई सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## ईदुज्जुहा के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने 29 मई को ईदुज्जुहा (बकराईद) के मद्देनजर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार एसडीएम बड़वानी को सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र बड़वानी के लिए, तहसीलदार बड़वानी को थाना बड़वानी क्षेत्र के लिये, नायब तहसीलदार बड़वानी को थाना सिलावद क्षेत्र के लिये, तहसीलदार पाटी को थाना पाटी क्षेत्र के लिए, एसडीएम राजपुर को सम्पूर्ण अनुभाग क्षेत्र राजपुर के लिए, तहसीलदार राजपुर को थाना राजपुर क्षेत्र के लिए, तहसीलदार ठीकरी को थाना ठीकरी के लिए क्षेत्र के लिये, तहसीलदार अंजड को थाना अंजड क्षेत्र के लिये, नायब तहसीलदार राजपुर को थाना नागलवाड़ी क्षेत्र के लिये, सेंधवा एसडीएम सम्पूर्ण सेंधवा अनुभाग क्षेत्र सेंधवा के लिये, तहसीलदार सेंधवा को थाना क्षेत्र सेंधवा शहरी क्षेत्र के लिये, नायब तहसीलदार सेंधवा को थाना सेंधवा ग्रामीण क्षेत्र के लिये, तहसीलदार वरला को थाना वरला क्षेत्र के लिये, पानसेमल एसडीएम सम्पूर्ण पानसेमल अनुभाग क्षेत्र पानसेमल के लिये, तहसीलदार पानसेमल को थाना पानसेमल क्षेत्र के लिये, प्रभारी तहसीलदार निवाली को थाना निवाली क्षेत्र के लिये कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है।

## गंगा दशहरा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाल जल संरक्षण का लिया संकल्प



**नेपानगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बुरहानपुर के नेपानगर सेक्टर में नवांकुर संस्था श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था व नगर विकास प्रस्फुटन समितियो के द्वारा संयुक्त रूप से आज गंगा दशहरा मनाया गया। जिसमें नगर की पांधार नदी से पूजन कर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा पांधार नदी से होते हुए नगर पालिका स्थित मंदिर में समाप्त हुई यहां नदी से लाई गई कलश यात्रा का जल मंदिर में अर्पित किया गया कलश यात्रा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के खकनार ब्लॉक समन्वयक अमजद खान उपस्थित संस्था के सदस्यों और बच्चों को गंगा दशहरा के संबंध में जानकारी दी साथ ही जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता शहजाद अली श्रद्धा बुद्ध विहार सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्था के सदस्य राजेन्द्र मसाने मेंटर्स इलियास खान, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से धनराज पाटील, सर्वेश किंगे, आर्यन पाल, गौरीश भगत, प्रांशु अहीरे, शीतल पाटील सहित बड़ी संख्या में नगर के बच्चे मौजूद रहे।

## जलकुंभी हटाना महज औपचारिकता, नदी सफाई अभियान अधूरा

**खरगोन।** शहर में नदी सफाई को लेकर चला अभियान केवल जलकुंभी हटाने और फोटो सत्र तक ही सीमित रह गया। जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका अफसरों ने मिलकर नदी से जलकुंभी हटाई, पर नदी की वास्तविक गंदगी और प्रदूषण जस की तस बना हुआ है। यह अभियान महज एक औपचारिकता बनकर रह गया, जिससे नदी के पर्यावरण में कोई खास सुधार नहीं आया। स्थानीय निवासियों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि हर साल ऐसे अभियान चलाए जाते हैं, जिनमें कुछ समय के लिए ऊपरी सतह से जलकुंभी हटाई जाती है, लेकिन नदी में औद्योगिक कचरा, प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट पदार्थ लगातार डाले जाते रहते हैं। इन पर कोई ठोस रोक नहीं लगती और न ही इन्हें हटाने के लिए स्थायी प्रबंध किए जाते हैं। जनप्रतिनिधियों और पालिका अफसरों की उपस्थिति में कुछ देर के लिए जलकुंभी हटाने का कार्य किया गया, जिसके बाद तस्वीरें खिंचवाई गईं और अभियान समाप्त कर दिया गया।

### गंगा दशहरा पर जल संरक्षण का संदेश

# बनेड़िया में जनभागीदारी से चला जल संवर्धन अभियान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ देपालपुर




गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आह्वान तथा कलेक्टर शिवम वर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत देपालपुर क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। ग्राम पंचायत बनेड़िया में जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और जनभागीदारी के साथ संपन्न हुआ।

सोमवार को आयोजित इस विशेष अभियान में जल स्त्रोतों के संरक्षण, तालाबों के पुनर्जीवन और ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तालाब की साफ-सफाई, गाद निकासी, श्रमदान तथा वृक्षारोपण जैसे कार्य किए गए। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल के संग्रहण को बढ़ावा देना, तालाबों की जल धारण क्षमता बढ़ाना तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए जल स्त्रोतों को सुरक्षित करना बताया गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में विधायक एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि गुमान पंवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी पूजा मालाकार सैनी, जनपद उपाध्यक्ष मोहनलाल ननवाना, मंडल अध्यक्ष देवनारायण दरबार, भाजपा जिला अध्यक्ष सत्यनारायण पटेल, जनपद सदस्य पप्पू चौहान, सरपंच ललिता पटेल, पंच बाबूलाल पटेल, देवकरण चौधरी, सचिव योगेश शर्मा, ग्राम रोजगार सहायक चंदर बिजुरिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक रूप से अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद जैन मंदिर से चौबीस अवतार मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। धार्मिक और सामाजिक वातावरण के बीच निकली इस यात्रा ने पूरे गांव में जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचाया।

कलश यात्रा के पश्चात तालाब परिसर एवं मंदिर क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। तालाब के आसपास सफाई कर गंदगी हटाई गई तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। ग्रामीणों ने पौधारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया। मंदिर परिसर में साफ-सफाई अभियान का संचालन खंड पंचायत अधिकारी राजेंद्र खरे द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यदि अभी से जल स्त्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूकता नहीं दिखाई गई तो भविष्य में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। ग्रामीणों से अपील की गई कि वे तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।



## गौ माता को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जावे, मुस्लिम समाज ने दिया ज्ञापन

**जावरा** । देश में इन दिनों गो तस्करी गौ हत्या को लेकर आए दिन विवाद की स्थिति बनती है। इसको लेकर शहर से एक ऐसी राहत भरी खबर आई की मुस्लिम समाज ने गौ माता एवं नंदी बैल को राष्ट्रीय पशु घोषित करने के लिए मंगलवार को राज्यपाल के नाम एसडीएम सुनील जायसवाल को ज्ञापन दिया ।मंगलवार को दिए ज्ञापन में बताया कि हिंदुस्तान धर्मनिरपेक्ष देश है । हिंदू समाज में गौ माता के प्रति जो आदर एवं आस्था है उसको हम सलाम करते हैं ।ज्ञापन में यह भी कहा कि गौ माता नंदी बैल को राष्ट्रीय पशु का दर्जा दिया जाए। गोवंश की खरीद फरोख्त परिवहन एवं वध पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगे एवं गोवंश के खिलाफ अपराध पर आजीवन कारावास एवं मांस निर्यातक कंपनी का लाइसेंस रद्द किया जावे ।समाज ने यह भी प्रण लिया की पुराने एवं नए सभी गो संरक्षण कानूनो का पूर्ण समर्थन करेंगे इस मौके पर उबेद अंसारी( एडवोकेट ),सामाजिक कार्यकर्ता असलम मेव ,ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष अजीजुर रहमान गुड्डू पठान ,आरिफ बेग, सोहेल उर रहमान, सफू भाई ,अली जमान ,शहंशाह बाबर, ,असलम भाई , सईद मेव (बोरदा), अब्बू सेठ कुरैशी, ,आबिद लाला ,मोहम्मद इकराम ,रिजवान पठान, फरीद हुसैन ,भुरु पठान ,मंसूर मिर्जा, कल्लू पठान ,गफ्फार कुरैशी ,आदि बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# जागनाथ महादेव मंदिर की छत जर्जर, युवा कांग्रेस ने ज्ञापन देकर कहा जिर्णोद्वार करें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



नगर का प्राचीन एवं आस्था का केंद्र जागनाथ महादेव मंदिर जो कि इन दोनों जिणो'शीण हो गया । पीलिया खाल पर बना मंदिर काफी पुराना होकर यहा प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं सावन एवं अन्य विशेष दिनों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। मंदिर की छत खाल पर बने खबो पर टिकी है खंबे जर्जर होने से हादसे की आशंका बनी हुई है। जो कभी भी जानलेवा हो सकती है? इस पर समय पूर्व ही ध्यान देना उचित होगा।

जगनाथ मंदिर परिसर जीणो द्वार की मांग को लेकर युवा कांग्रेस मैदान में आ गई ।युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सन्नी अखेड़िया के नेतृत्व में सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा कि समूचे शहर की आस्था का केंद्र जागनाथ महादेव मंदिर जो कि वर्तमान में जिर्ण शीर्ण अवस्था में होकर कई जगह से जर्जर हो रहा है। जिससे बड़ी जनहानि की संभावनाओं को उत्पन्न कर रहा है ।अगर कोई अनहोनी घटना घटित होती है तो इसका प्रशासन जिम्मेदार रहेगा। प्रशासन को शीघ्र मंदिर की जर्जर अवस्था पर ध्यान देना होगा।

युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अखेड़िया ने चेतावनी दी की अन्यथा हमें नगर में उग्र आंदोलन करना पड़ सकता है। इस मौके पर एनएसयूआई जिला पूर्व जिला अध्यक्ष संयम शर्मा ,पप्पू चरोडिया ,युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अल्फेज पठान, पुरुषोत्तम बोडाना, रफीक शाह, संदीप आंजना, ऋषि भारती ,कमल वर्मा, शुभम बैरागी ,आजाद चरोडिया, आयुष जोशी ,आदित्य परिहार, गौरव राठौर, निहालचंद आदि मौजूद थे।

# जाफर खान मेव अल्पसंख्यक कांग्रेस के रतलाम जिला प्रभारी नियुक्त किये गये

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी मप्र के इंचार्ज आबिद कागजी ने प्रदेश के कई जिलों में अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला प्रभारीयो का मनोनयन किया है। जिसमें में धार जिले के कद्दावर कांग्रेस नेता जाफर खान मेव को रतलाम जिले का प्रभारी मनोनीत किया गया।

जाफर खान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की टीम के सक्रिय सदस्य है। जाफर खान ने बताया कि पार्टी द्वारा दी गई जवाबदारी का सक्रियता के साथ कार्य करूंगा। जल्द ही रतलाम जिले का दौरा कर कांग्रेस को मजबूत करने का कार्य करेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान प्रतापगढ़ी जी द्वारा जो प्रभारी नियुक्ति किए गए थे मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग प्रभारी आबिद कागजी कोटा राजस्थान और सह प्रभारी लियाकत गद्दी दिल्ली जी द्वारा नए प्रभारी नियुक्त किए गए जिलों में रतलाम जिला प्रभारी अल्प संख्यक कांग्रेस विभाग का जाफर खान बाग को नियुक्त किया गया है। जाफर खान मेव पूर्व में प्रदेश महामंत्री अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग मध्य प्रदेश,जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग धार, बाग पंचायत के वार्ड नंबर 4 प्रतिनिधि एवं कई विधानसभाओं के प्रभारी रह चुके हैं। खान मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी में एक अलग पहचान रखने वाले अल्पसंख्यक नेता है। सक्रिय पत्रकारिता करने वाले जाफर खान मेव की नियुक्ति होने पर पत्रकार संघ बाग के साथियों व कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा सोशल मीडिया पर बधाई का दौर चलता रहा। ग्राम पंचायत बाग के उपसरपंच रोहित झंवर, प्रदीप अगाल, बाग नगर पत्रकार संघ अध्यक्ष शहजाद भारती, यूनुस खान, ब्रज जाजू, सुरेश अगाल जी शिव परिहार, अशोक मांझी टांडा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अमरसिंह निगवाल, सूरज मंत्री, दीपक मालवीय, सलाम पठान, निसार जमील पठान, सय्यूम नेता , फिरोज खान ने बधाई दी।

# त्यौहारों सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु शांति समिति की बैठक

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिले में आगामी त्यौहारों को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक कलेक्टर हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी की उपस्थिति में हुई।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों से त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था, आपसी समन्वय व अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए।

इस अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा, "जिले की पहचान आपसी भाईचारे, सामाजिक समरसता एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण के लिए रही है।" उन्होंने समिति सदस्यों से अनुरोध किया कि नागरिकों को शांतिपूर्ण रूप से त्यौहार मनाने एवं आपसी सामंजस्य के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि त्यौहारों के मद्देनजर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

एसपी आशुतोष बागरी ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने अपील की, "सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, उद्वेलित करने वाली पोस्ट न करें और न ही उस पर कमेंट या शेयर करें।" उन्होंने कहा कि संवेदनशील बिंदुओं की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दें ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्यगण मौजूद रहे।

## पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने और विकास कार्यों में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

**बड़वानी।** कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी। में साप्ताहिक समय-सीमा (टीएल) बैठक संपन्न हुई। बैठक में पेयजल आपूर्ति, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल गंगा संवर्धन अभियान और विभिन्न शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के निराकरण और बुनियादी सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्य में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# संतों का सानिध्य और वाणी श्रवण से ही मानव भवसागर पार कर सकता है-चिंतनप्रिय दासजी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मानव जीवन बहुत पुण्य कर्मों के फल से प्राप्त होता है। 84 लाख योनियों में मानव जीवन मिलना मोक्ष प्राप्त करने का द्वार है। संतों का सानिध्य एवं उनकी वाणी श्रवण मात्र से मानव भवसागर पार कर सकता है।" यह बात श्री स्वामीनारायण मंदिर सीलमपुरा में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत चल रही मासिक कथा में व्यासपीठ से वक्ता शास्त्री चिंतनप्रिय दासजी स्वामी ने कही।

कथा के दौरान जिले की अग्रणी समाजसेवी संस्था जनजागृति संस्था बुरहानपुर द्वारा संतों का सम्मान किया गया। संस्था के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सदस्य देवचंद शर्मा, रविन्द्र महाजन, आर.एस. ठाकुर, विवेक हकीम ने वक्ता शास्त्री चिंतनप्रिय दासजी स्वामी, मंदिर के महंत कोठारी पी.पी. स्वामी एवं वरिष्ठ संत शास्त्री चन्द्रप्रकाश दासजी को शाल, श्रीफल, हार एवं भेंट देकर सम्मानित किया।

शास्त्री चिंतनप्रिय दासजी ने कहा कि सनातन धर्म के सभी पुराणों और शास्त्रों में संतों को भगवान का स्वरूप माना गया है। "जिस घर या गांव में संतों का आगमन होता है, वहां दशहरा और दीपावली जैसा पावन वातावरण बन जाता है। संतों के चरणों से ही मनुष्य का उद्धार संभव है। मनुष्य जीवन का सबसे बड़ा ध्येय संतों का आश्रय ग्रहण करना होना चाहिए।"

उन्होंने श्रीमद्भागवत और राम चरित मानस का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान की कृपा संतों के माध्यम से ही प्राप्त होती है। सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि धन से सेवा न कर सकें तो तन और मन से निष्काम सेवा करें, जो भगवान को अत्यंत प्रिय है।

पुरुषोत्तम मास की महिमा बताते हुए शास्त्री जी ने कहा कि शास्त्रों में वर्णित है कि इस मास में गौमाता की सात बार परिक्रमा करने से एक अश्वमेध यज्ञ के बराबर पुण्य प्राप्त होता है। श्रद्धा और सेवा भाव से गौसेवा करने पर बड़े से बड़े कष्ट और भयावह रोगों से भी मुक्ति मिल सकती है।उन्होंने कहा, "मनुष्य जीवन पानी के बुलबुले के समान क्षणभंगुर है, इसलिए इसे भगवान की भक्ति और सत्कर्मों में लगाना चाहिए। अंत समय में यदि मनुष्य भगवान का नाम ले लेता है, तो जीवन सफल हो जाता है।"

शास्त्रीजी ने "चिंता" और "चिंतन" का अंतर समझाते हुए कहा कि यदि मनुष्य चिंता छोड़कर भगवान का चिंतन करे, तो दुख स्वतः समाप्त होने लगते हैं। उन्होंने भक्ति की तुलना एनेस्थेशिया से की: "जिस प्रकार एनेस्थेशिया लगने के बाद शरीर को दर्द का अनुभव नहीं होता, उसी प्रकार भगवान का भजन और हरिनाम भी जीवन के दुखों का एहसास कम कर देता है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-19**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- सविता पाल गोरंग पाल पूर्व नाम- रामप्रसाद पिता कन्हैयालाल पांचाल वार्ड नं. 41 पता- 67 सूरज नगर पैकी पश्चिम दिशा का भाग इन्दौर पिन- 1003922819 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- रश्मि जाजू पति डॉ. दीपक जाजू क्रेता- सुभाष कुमात पिता जगदीश कुमावत पता- प्रकोष्ठ क्रमांक 101 अपूर्व अपार्टमेंट 38.39 मनभावन नगर इन्दौर पिन- 1001042974 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**साकेत नगर झोन क्रमांक-10**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती विजया पति विनय हिरदे, भरत पिता विनय हिरदे क्रेता- श्रीमती इन्दु कुमावत पति सुभाष कुमावत पता- प्रकोष्ठ क्रमांक 201 मनभावन नगर 38.39 अपूर्व अपार्टमेंट इन्दौर पिन- 1001045065 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 10 (साकेत नगर) के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी साकेत झोन क्रमांक-10 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-22**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती वंदना गुर्जर पति श्री विनोद कुमार गुर्जर क्रेता- श्री रोहित आहूजा पिता श्री भगवानदास आहुजा पता- प्लाट नं. 223 साकार एनआरआई सिटी इन्दौर पिन- 1001009227 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 22 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-22 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री दुर्गेश प्रजापत पिता श्री नगजीराम प्रजापत पता-मकान नं. 351 राजनगर इन्दौर पिन- 1001273605 वार्ड-5 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री घनश्याम राठौर पिता स्व. घीसालाल पता-मकान नं. 23 सेली बाखल इन्दौर पिन- 1000852246 वार्ड-6 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती निर्मला पति श्री मुन्नालाल तिवारी. कीर्ति मिश्रा पिता श्री गयाप्रसाद पता-84/3 गंगा नगर इन्दौर पिन- 1000831367 वार्ड-4 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

# हर दिन को ऐसे बनाएं शुभ, घर से निकलते वक्त करें ये उपाय



जब भी कोई व्यक्ति घर से निकलता है तो उसके मन यही बात होती है कि उसका काम जरूर सफल हो। शास्त्रों में सप्ताह के सातों दिन कुछ उपाय बताए गए हैं जिसका पालन करने से व्यक्ति का हर काम जरूर पूरा होता है। सोमवार के दिन का उपाय- सोमवार के दिन घर से निकलते वक्त शीशा देखें, आपका काम अवश्य पूरा होगा। मंगलवार के दिन का उपाय- मंगलवार के दिन गुड़ खाकर घर से निकलना चाहिए। गुड़ की मिठास से आपका दिन भी खुशनुमा हो जाएगा।

बुधवार के दिन का उपाय- बुधवार के दिन धनिया का सेवन करके घर से निकलेंगे तो काम जरूर पूरा होगा। गुरुवार के दिन का उपाय- बृहस्पतिवार के दिन पीले रंग के वस्त्र पहनने के साथ-साथ जीरा खा कर भी निकलें। दिन शुभ जाएगा और आप अपने काम में सफल भी होंगे।

शुक्रवार के दिन का उपाय- शुक्रवार को खासकर दही खा कर निकलें। फिर आपको सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है।

शनिवार के दिन का उपाय- शनिवार को अदरक खा कर जाएं। इसे खाने से आपकी राह की सारी बाधाएं दूर हो जाएंगी और आपको काम में सफलता मिलेगी। रविवार के दिन का उपाय- रविवार के दिन घर से निकलते समय पान खा कर निकलें। आपका काम जरूर पूरा होगा।



## सम्पादकीय

# पश्चिम एशिया संकट दूर हो

भारत यात्रा पर आये अमेरिकी विदेश मन्त्री मार्को रूबियो के इस कथन से असहमत नहीं हुआ जा सकता कि फारस की खाड़ी के समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरान का बन्धक मार्ग बना कर नहीं छोड़ा जा सकता क्योंकि यह एक अन्तर्राष्ट्रीय समुद्री रास्ता है । मगर अमेरिका व इजराइल के ईरान के विरुद्ध चलते युद्ध के बीच ईरान इसे एक चुंगी नाके में बदलना चाहता है और इस मार्ग से गुजरने वाले माल वाहक जहाजों से चुंगी वसूलना चाहता है। श्री रूबियो का भारतीय विदेश मन्त्री एस. जय शंकर के साथ एक संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में दिया गया यह जवाब पूरी तरह अन्तर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुरूप ही कहा जायेगा कि यदि ईरान को ऐसा करने दिया गया तो इससे विश्व के अन्य जल मार्गों पर भी अनियमितताएं पैदा होने का संकट गहरा सकता है और गलत परंपरा शुरू हो सकती है।

जहां तक भारत का सवाल है तो इसने मार्को रूबियो के इस मत से सहमति जताई है और जलडमरूमध्य को निर्बाध रूप से खुला रखने की वकालत की है। मगर इसके साथ हमें यह भी देखना होगा कि पश्चिम एशिया युद्ध को शुरू हुए अब लगभग तीन महीने का समय पूरा होने जा रहा है और दोनों ही पक्षों के बीच तनातनी बनी हुई है। भारत हमेशा से इस मत का रहा है कि विश्व की किसी भी समस्या का हल केवल कूटनीतिक संवाद के रास्ते से ही खोजा जाना चाहिए क्योंकि युद्ध से किसी समस्या का हल नहीं होता है, बल्कि युद्ध अपने साथ अन्य विभिन्न प्रकार के संकटों को लेकर आता है।

इस मामले में अमेरिका व ईरान के बीच बारास्ता पाकिस्तान में जो कूटनीतिक वार्ताएं हो रही हैं उनका सुखद परिणाम भी अभी तक सामने नहीं आया है परन्तु इस मोर्चे पर कुछ प्रगति के आसार जरूर नजर आ रहे हैं क्योंकि अब 60 दिन के युद्ध विराम की चर्चा चल रही है। इस युद्ध के चलते विश्व के विभिन्न देशों की अर्थ व्यवस्था पर जिस प्रकार का विपरीत असर पड़ रहा है उससे दुनिया के आधे से अधिक भाग के समक्ष ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है और पेट्रोल व डीजल तथा ईंधन गैस के दाम आसमान की तरफ भागने लगे हैं। युद्ध ने पूरे पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय स्थायित्व को ही संकट में नहीं डाला है अपितु इसका असर वैश्विक शक्ति सन्तुलन पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। इस बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पिछले दिनों की गई चीन यात्रा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि चीन को ईरान का हिमायती माना जाता है लेकिन अब लगता है कि ईरान व अमेरिका दोनों ही युद्ध से आजिज आ चुके हैं और कोई शान्तिपूर्ण मार्ग खोज रहे हैं।

## विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प

# पीएम मोदी के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के स्वर्णिम 12 साल

लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है। यह एक सुखद पक्ष है कि प्रधानमंत्री



सुरेश पचौरी
(दैनिक अवन्तिका)

नरेन्द्र मोदी इस मापदंड पर सर्वथा खरे उतरे हैं। देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की प्रथम बार शपथ ली। बतौर प्रधानमंत्री अपने 12 वर्ष के लगातार कार्यकाल में उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में स्वीकारा तथा देशवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहे।

नरेन्द्र मोदी ऐसे कर्मयोगी हैं, जो 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के राष्ट्र-भाव को चरितार्थ करते हुए 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। संक्षेप में कहा जाए तो मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म। प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए अपनी प्राथमिकता में GYAN को रखा है। G का तात्पर्य गरीब, Y का तात्पर्य युवा, A का तात्पर्य अन्नदाता किसान और N का तात्पर्य नारी। वर्तमान में केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में इन पर अधिक फोकस किया है।

### गरीब कल्याण कार्यक्रम

केन्द्र सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिये हैं। नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरूआत की। पिछले 12 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। साथ ही उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ो लोग लाभान्वित हुये हैं।

### युवा शक्ति की बेहतरी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए अच्छा स्वास्थ्य, फिटनेस और उन्हें उचित हुनर से लैस करना शामिल है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा कोष योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाया है।

### किसान कल्याण

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन बहुत साफ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकार्ड बढ़ोत्तरी की। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को उनके बैंक खातों में हर चार महीनों में दो हजार रुपये पहुंचाये जाते हैं। पीएम फसल बीमा योजना एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएमआरकेवाई) से अन्नदाता लाभान्वित हो रहे हैं।

### महिला सशक्तिकरण

महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार के विकास एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। मातृवंदन योजना, नारी शक्ति वंदन और 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगी है। केन्द्र सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, जिनमें से लगभग 1 करोड़ 10 लाख लखपति दीदी अपना गरिमामय जीवन जी रही हैं। 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान से बेटियों का आत्मसम्मान बढ़ा है। तीन तलाक कानून की समाप्ति से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने देश में लगभग 2 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले हैं। मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के हर वर्ग खासकर सामान्य लोगों तक सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस दिशा में जारी प्रयास के परिणाम स्वरूप अस्पताल,इलाज और दवाओं पर होने वाला खर्च निरन्तर कम होता जा रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री जी ने स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका निभाई।

### सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना 'संकल्प विरासत का, संरक्षण भी और विकास भी' के परिणाम स्वरूप अयोध्या में रामलला की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई। काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, केदारनाथ धाम का नवनिर्माण, बद्रीनाथ क्षेत्र का विकास, करतार साहब कॉरिडोर को खुलवाना, हेमकुण्ड साहब और गिरनार में रोपवे बनाना, नमामि गंगे योजना, तिरुवल्लूर में कल्चरल सेन्टर बनाना आदि उल्लेखनीय कार्यों से भारत आत्मगौरव के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में स्वदेशी चिंतन आधुनिक देश की आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चिंतन का आधार बन रहा है।

### धारा- 370 की समाप्ति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 समाप्त कर दी। धारा- 370 को हटाना एक इतिहास की धारा को मोड़ने वाला निर्णय साबित हुआ है, इससे जम्मू-कश्मीर में खुशहाली की राह खुली है और देश की एकता व अखण्डता का ताना-बाना मजबूत हुआ है।

### आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति

प्रधानमंत्री श्री मोदी की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बहुत स्पष्ट है। पाकिस्तान के हुक्मरानों, पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और उनके द्वारा पोषित आतंकवादी संगठनों ने भारत में समय-समय पर आतंकवादी हमले किये हैं, जिसमें निर्दोष भारतीयों की जानें गई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय सेना को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई के लिए खुली छूट दी। भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों एवं प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। प्रधानमंत्री जी ने विश्व समुदाय के सामने भारत का पक्ष रखने के निए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल भेजने का फैसला लिया, जो प्रभावी कदम साबित हुआ। यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता अपने नागरिकों का कल्याण सुनिश्चत करना है। घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण के लिये केन्द्र सरकार ने बहुआयामी रणनीति बनाई है।

## साहब की घड़ी

इस देश में समय का हाल वही है जो किसी सरकारी अस्पताल के वेंटिलेटर का-धड़कन चल रही है, पर भरोसा किसी को नहीं। लोग कहते हैं 'समय बीत रहा है', जबकि सच्चाई यह है कि हम बीत रहे हैं और समय हमें किसी पुराने अखबार की तरह रद्दी के भाव तौल रहा है।

एक महाशय थे, जो 'पंचवर्षीय योजनाओं' की तरह अपना भविष्य बुन रहे थे। उन्हें गुमान था कि वे समय के सारथी हैं। वे हाथ में ऐसी 'स्मार्ट' घड़ी बाँधते थे जो उनके दिल की धड़कन से लेकर उनके बैंक बैलेंस तक का हिसाब रखती थी। पर उस दिन मामला 'ऊपर की अदालत' का था। सुबह-सुबह उनके घर के बाहर एक आदमी आकर बैठ गया, जिसके चेहरे पर वैसी ही शांति थी जैसी किसी घोटाले की फाइल दब जाने के बाद किसी मंत्री के चेहरे पर होती है।

साहब ने पूछा, कौन हो भाई? यहाँ क्यों धरना दे रखा है? वह बोला, हुजूर, मैं समय का पटवारी हूँ। आपकी सांसों का खसरा-खतौनी जाँचने आया हूँ। सुना है आप वक्त को मुट्ठी में करने की फिराक में हैं?

साहब बिफर पड़े, अबे, जा यहाँ से! हम वर्तमान के मालिक हैं और भविष्य के सट्टेबाज। पटवारी मुस्कुराया-वैसी ही मुस्कान जैसे शेर शिकार को देखकर 'शाकाहार' पर प्रवचन देने से पहले देता है। वह बोला, मालिक, आप तो 'धोबी के कुत्ते' वाली स्थिति में हैं। वर्तमान आपको पहचानता नहीं और भविष्य ने अभी गोद लिया नहीं। आप तो बस उस 'त्रिशंकु' की तरह लटके हैं जो सोचता है कि स्वर्ग जा रहा है, पर असल में ग्रेविटी का शिकार है।

शहर में शोर मच गया कि साहब का 'वक्त' रुक गया है। साहब ने सेल बदला, घड़ी पटकी, यहाँ तक कि कैलेंडर के पन्ने भी फाड़ दिए। पर अजीब बात! बाहर सूरज ढल ही नहीं रहा था। चिड़ियाँ हवा में रुकी थीं और साहब की चाय का धुआं भी किसी 'स्टैच्यू' की तरह खड़ा था।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 27 मई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:46 सूर्यास्त 19:02
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - एकादशी 06:22 उपरांत द्वादशी
नक्षत्र - हस्त 05:57 उपरांत चित्रा
योग - व्यतिपात 03:25 उपरांत वरियान
करण - विष्टि
चन्द्रमा - कन्या में है। 19:00 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जिल्हेज मास 09 तारिख

**मेष-** भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृषभ-** विवाद से दूर रहें। कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-** व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कर्क-** काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है।

**सिंह-** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है।

**कन्या-** व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। शत्रु शांत रहेंगे।

**तुला-** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**वृश्चिक-** पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।

**धनु-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।आशंका-कुशंका रहेगी।

**मकर-** कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

**कुंभ-** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा।

**मीन-** पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

## सम सामयिक

# आखिर राजनीति का इतना विकृत स्वरूप कैसे होने लगा ?

वर्तमान दौर में जनमानस की समझ इतनी विकसित हो गई है कि राजनीति के निहितार्थ को पहले से अब और अधिक बेहतर तरीके से समझने लगी है। देखते ही देखते राजनीति ने एक अलग प्रकार का चोला



राजेंद्र बज
(दैनिक अवन्तिका)

धारण कर लिया है। अब राजनेताओं द्वारा तमाम तरह के आरोप प्रत्यारोप के सिलसिले का आम नागरिक गंभीरता पूर्वक संज्ञान ले, यह कतई जरूरी नहीं रह गया है। एक अर्थ में आम नागरिकों ने यह मान लिया है कि जनकल्याण के नाम पर की जाने वाली राजनीति में आत्म कल्याण की भावना एक हद तक नहीं अपितु बहुत हद तक सहज स्वाभाविक है। यही कारण है कि अधिकांश प्रबुद्ध जन राजनीति से पर्याप्त दूरी बनाकर चला करते हैं।

अब यह साफ तौर पर हर किसी को दिखाई देता है कि सक्रिय राजनीति के चलते तथाकथित जनसेवकों के आर्थिक आधार में तब और अब में कितना कुछ चमत्कारिक सुधार आया है ? वैसे यह एक आश्चर्यजनक तथ्य है कि इसे लेकर अब एक प्रकार की सर्व स्वीकार्य स्थिति निर्मित होती जा रही है। हर किसी निर्माण कार्य योजना में कितना कुछ शासन स्तर पर आता है और कितनी कुछ वास्तविक लागत हुआ करती है ? यह अनुमान लगाना भी दुष्कर नहीं है। इस तथ्य का यह स्पष्ट प्रमाण है कि अधिकांश शासकीय निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठाएं जाते रहे हैं। जबकि हर एक निर्माण कार्य का मानक स्तर पूर्व निर्धारित हुआ करता है।

वैसे एक दौर वह भी था जब सक्रिय राजनीति केवल और केवल घर फूंक तमाशा देखने के समकक्ष मानी जाती थी। जनसेवा की भावना से भरे संवेदनशील हृदय के स्वामी परदुःखकातरता के भाव से भरे होकर सक्रिय राजनीति के मैदान में उतरा करते थे। अपने दल की रीति-नीति के अनुरूप प्रतिद्वंती दल या उसके नेताओं की विचारधारा के खिलाफ विचारधारा की लड़ाई ' लड़ा करते थे। मजे की बात यह कि परस्पर विरोधी होकर भी एकमत से केवल और केवल जनकल्याण की भावना से ही विचारधारा की लड़ाई का सिलसिला परवान चढ़ा करता था। केवल जन कल्याण की राह अलग-अलग होती थी लेकिन मंजिल एक थी। राजनेताओं का व्यक्तिगत एवं सामाजिक स्तर पर आचार विचार और व्यवहार उच्च स्तरीय आदर्शों से परिपूर्ण हुआ करता था। जिस किसी में जनसेवा और देशसेवा का जुनून होता था, वह एक प्रकार से सक्रिय राजनीति में तल्लीन हुआ करता था। सक्रिय राजनीति भी समाज सेवा का सशक्त माध्यम थी। उस दौर में जनता जनार्दन के अंतर्मन में राजनेताओं के प्रति अगाध श्रद्धा एवं आदर का भाव भी स्वाभाविक रूप से रहा करता था। राजनेताओं के अनुयायी अपनी राजनीतिक सक्रियता का व्यक्तिगत लाभ लेने की तो कतई कल्पना करने की कल्पना भी नहीं कर पाते थे। एक प्रकार से तमाम छोटे-बड़े राजनेता और उनके सक्रिय समर्थकों का जीवन बहुत हद तक पारदर्शी हुआ करता था।

कथनी और करनी में एकरूपता थी। यहां तक कि राजनेताओं के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का आंतरिक एवं बाह्य स्वरूप एक प्रकार से खुली किताब की भांति था। प्रतिद्वंदी से मतभेद होते थे लेकिन मनभेद की स्थिति तो कदापि नहीं थी। लेकिन देखते ही देखते सक्रिय राजनीति स्वार्थसिद्धि का सशक्त माध्यम बन गई। परस्पर हितों के संरक्षण के निमित्त अंदर ही अंदर तथाकथित विरोधी से हाथ मिलाएं जाने लगे। एक प्रकार से व्यक्तिगत हितों की पूर्ति एवं सुरक्षा हेतु जाहिर तौर पर विरोधी मानसिकता के साथ साझा संस्कृति को आत्मसात किया जाने लगा। इन तमाम स्थितियों को अब आम नागरिक बेहतर तरीके से समझने भी लगे है।लेकिन राजनीति में व्याप्त इन तमाम विकृतियों का प्रतिकार करने के सामर्थ्य आम नागरिकों में नहीं है।

# इक्कीसवीं सदी के युद्धों की कहानी, मुहावरों की जुबानी

वर्तमान सदी में युद्ध अब 'इतिहास की किताबों' से निकलकर हमारे 'ड्राइंग रूम के विमर्श' तक पहुँच गए हैं। इस दौर में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका मोहल्ले के उस लाचार



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)


बुजुर्ग जैसी हो गई है, जो दो गुटों को लड़ते देख बरामदे से चिल्लाता तो है बेटा, प्रेम से रहो,आपस में नहीं लड़ते और फिर अंदर जाकर बड़े चाव से न्यूज चैनल पर उसी लड़ाई का 'एक्शन रिप्ले' देखता है। फर्क बस इतना है कि अब 'घोड़े' नहीं 'ड्रोन' हिनहिनाते हैं और 'तलवारों' की जगह 'मिसाइलों' ने ले ली है। आज रणक्षेत्र सिर्फ सीमाएँ नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के 'कमेंट बॉक्स' भी बन चुके हैं। सच तो यह है कि अंतरराष्ट्रीय कूटनीति समझने के लिए किसी राजनीति विज्ञान या फोरन स्टेडीज में अध्ययन करने की आवश्यकता नहीं, बल्कि हिंदी के मुहावरों की जरूरत है। ईरान, अमेरिका और इजरायल का संघर्ष अब शह और मात का खेल कम और बंदरबाँट ज्यादा लगने लगा है। ईरान आँखें तरेरकर बात कर रहा है, तो इजरायल ईंट का जवाब पत्थर (और मिसाइल) से देने की कसम खा चुका है। अमेरिका यहाँ उस चतुर ज्ञानी की भूमिका में है,जो एक तरफ शांति का सफेद झंडा दिखाता है और दूसरे हाथ से आग में घी डालने का काम करता है; कभी-कभी तो घी की मात्रा इतनी होती है कि खुद अमेरिका के हाथ झुलसने लगते हैं।इस बीच जैसे ही ईरान या अमेरिका के किसी नेता का बयान आता है, तेल की कीमतें ऐसे उछलती हैं मानो उन्हें 'पंख लग गए' हों, और वैश्विक बाजार को साँप सूँघ जाता है। ईरान के पड़ोसी देश कुवैत, यूएई और कतर फिलहाल दूर के ढोल सुहावने वाली स्थिति में हैं; वे सीधे युद्ध में तो नहीं हैं, फिर भी ईरानी मिसाइलों की मार झेल रहे हैं। अमेरिका से दोस्ती का दंश झेल रहे हैं,गेहूँ के साथ घुन की तरह पिस रहे हैं। ऐसा लग रहा है पूरा क्षेत्र बारूद के ढेर पर बैठा है और हर कोई माचिस जेब में लेकर घूम रहा है।

रूस और यूक्रेन का युद्ध अब राष्ट्रहित से ज्यादा नाक का सवाल बन चुका है। पश्चिमी देश यूक्रेन को हथियारों की 'वैशाखियाँ' थमाकर साँप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे वाली रणनीति अपना रहे हैं। लेकिन इस दो पाटों की चक्की में मानवता का जो चूरा हो रहा है, पर्यावरण का जो नुक्सान हो रहा है उसका जबाब किसी के पास नहीं है और न ही कोई खोजना चाहता है।?जिनके पास कभी आलीशान घर थे, वे आज दाने-दाने को मोहताज होकर शरणार्थी शिविरों में 'किस्मत को रो रहे' हैं। बेकसूर महिलाओं की मांग सुनी हो रही है, बच्चे अनाथ हो रहे हैं और मानवता करहा रही है। ऐसे में भी दुनिया के बड़े हथियार सौदागर शांति के प्रवचन ऐसे देते हैं जैसे सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली हो। इनका चरित्र हाथी के दाँत खाने के और, दिखाने के और वाला है,मुँह से शांति मंत्र का जाप, और बगल में हथियारों का झोला।

उधर हमास, लेबनान और इजरायल के बीच तो चिंगारी से जंगल में आग लग चुकी है। यहाँ शांति वार्ता की मेज जैसे सजती है वैसे ही सिर मुंडाते ही ओले पड़ जाते हैं,यानी बातचीत शुरू होने से पहले ही रॉकेट गिर जाते हैं। यहाँ हर कोई खून का बदला खून की भाषा बोल रहा है। वैश्विक नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस में 'घड़ियाली आँसू' बहाते हैं और पीछे के दरवाजे से हथियार कंपनियों के टेंडर साइन करते हैं। युद्ध अब त्रासदी नहीं, बल्कि कमाऊ पूत (आर्थिक उद्योग) बन गया है। भारत और पाकिस्तान के संबंध उस पुराने पारिवारिक विवाद की तरह हैं, जहाँ वसीयत में सिर्फ नफरत ही साझा की जाती है। सीमा पर जब तनाव होता है, तो टीवी एंकर्स ऐसे दहाड़ते हैं मानो थोथा चना बाजे घना। पाकिस्तान हर बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर मुँह की खाने के बाद भी नौ सौ जूते खाए तमाशा घुस के देखे वाली स्थिति में रहता है।

## धर्म-आस्था

# क्यों कहा जाता है कि उम्मीद इंसान को सबसे ज्यादा दुःख देती है?



जब हम अपनों से घिरे होते हैं, तो ये स्वाभाविक है कि हम अपनों से उम्मीदें लगाते हैं और ये उम्मीद जब पूरी नहीं होती, तो हमारा दिल टूट जाता है। ऐसे में किसी से उम्मीद न लगाने की सलाह दी जाती है। लेकिन फिर मन ये सोचता है कि अगर अपनों से उम्मीद न लगाएं, तो किससे लगाएं। अगर आपका मन भी इस उम्मीद में फंसा है, तो आपको गौतम बुद्ध का ये विचार जरूर जानना चाहिए।

अपनों से उम्मीद करना मनुष्य की स्वाभाविक प्रकृति है लेकिन कई बार ये अनचाहे दुःख का भी कारण बन जाती है। जब उम्मीदें पूरी नहीं होतीं, तो मन दुःख, गुस्से और निराशा से भर जाता है। मनुष्य के इसी निराशा को देखते हुए बुद्ध ने यह कहा था कि जब अपेक्षाएँ पूरी नहीं होतीं तो मन में निराशा और पीड़ा जन्म लेती है। उनका मानना था कि इंसान के दुखों का सबसे बड़ा कारण उसकी अपेक्षाएं यानी उम्मीदें हैं। ऐसे में , शांति और संतोष पाने के लिए हमें दूसरों से नहीं, बल्कि अपने प्रयास और समझ से सुख की तलाश करनी चाहिए। बुद्ध ने इस बारे में और क्या-क्या कहा है, चलिए जानते हैं....

गौतम बुद्ध का कहना था कि दुःख का मूल कारण तृष्णा यानि लालसा या अपेक्षा है। जब हम किसी से जरूरत से ज्यादा उम्मीद रखते हैं, तो हम अपने मन की शांति उस व्यक्ति के व्यवहार पर निर्भर कर देते हैं। यदि सामने वाला हमारी उम्मीदों के अनुसार व्यवहार न करे, तो हमें दुःख होने लगता है। बुद्ध का मानना था कि दूसरों से कम अपेक्षा और खुद पर विश्वास ज्यादा रखना चाहिए क्योंकि हर व्यक्ति की सोच, परिस्थिति और व्यवहार अलग होता है। जो हम चाहते हैं, जरूरी नहीं कि दूसरा व्यक्ति भी वैसा ही सोचता हो। बुद्ध ने सिखाया कि जीवन में सुख और सफलता का आधार स्वयं का प्रयास है। दूसरों से उम्मीद करने के बजाय स्वयं को बदलना और सुधारना ही सही मार्ग है। एक कथा के अनुसार, एक बार एक आलसी व्यक्ति से बुद्ध ने कहा कि कोई भी जन्म से हुनर लेकर नहीं आता, बल्कि परिश्रम से ही जीवन सुधरता है। इसलिए, अपनी मेहनत और सोच पर भरोसा करें। उम्मीदें रिश्तों में तनाव पैदा करती हैं। बुद्ध ने समझाया कि स्वीकार्यता और करुणा से रिश्ते मजबूत होते हैं, न कि अपेक्षाओं से। बार-बार यह सोचना कि ह्लउसने ऐसा क्यों नहीं कियाह्व या ह्लमेरे लिए इतना भी नहीं कर सकाह्व मन को अशांत कर देता है। बुद्ध ने कहा कि जीवन में संतोष ही सबसे बड़ा धन है। दूसरों से उम्मीदें घटाने का अर्थ यह नहीं कि हम उनसे दूरी बना लें, बल्कि यह कि हम उनकी स्वतंत्रता को स्वीकार करें। इससे मन में क्रोध, ईर्ष्या और निराशा कम होती है। बुद्ध की सीख का मतलब यह नहीं है कि रिश्तों में प्रेम या भरोसा खत्म कर दिया जाए। इसका अर्थ यह है कि इंसान को अपनी खुशी पूरी तरह दूसरों के व्यवहार पर निर्भर नहीं करनी चाहिए।

- जीवन को आसान बनाने के लिए बुद्ध के सुझाव
- दूसरों से पहले खुद को समझने की कोशिश करें।
- अपनी खुशी का स्रोत खुद बनें।
- लोगों से प्रेम करें, लेकिन उनसे अत्यधिक अपेक्षाएं न रखें।
- वर्तमान में जीना सीखें।
- छोटी-छोटी बातों को दिल से लगाना छोड़ दें।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5800 से 5900 विशाल 5800 से 5850 मसूर 6050 से 6100 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई यह तुअर 6000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7600 से 7700 मूंग नी बेस्ट बोल्ड 8200 से 8500 मीडियम बोल्ड 7600 से 7800 में एवरेज गर्मी 7000 से 7200 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 8700 उड़द गर्मी 7700 से 8300 हल्का - उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5800 से 6000 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 7300 से 7500 निमाड़ी 7500 से 7600 रायडा 6400 से 6600 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7200 से 7400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7600 से 7800 मीडियम 8800 से 9000 बेस्ट 10200 से 10400 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1450-2850, चना देशी- 4999-5760, डालर चना- 4400-7990, उड़द- 7621, मूंग- 7576, सोयाबीन- 1215-8900, मैथीदाना- 1340, सरसो- 6500, धनिया- 10930-13306, बटला- 2860, मसूर- 6201, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,51,400 रवा- 1,51,100 चांदी- टंच- 2,57,500 पाट- 2,57,500।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## अपर कलेक्टर ने सुनीं 103 आवेदकों की समस्याएं

**मन्दसौर।** मंदसौर जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल ने तत्परता दिखाते हुए 103 आवेदकों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सभी अधिकारियों को आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान करने और लोगों को न्याय दिलाने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में साबाखेड़ा की कमलाबाई के अतिक्रमण हटाने के आवेदन पर तहसीलदार मंदसौर, रिंडा के रामेश्वर के रास्ता खुलवाने के आवेदन पर तहसीलदार मंदसौर ग्रामीण और नगरी के डालुराम के अंत्योदय योजना के आवेदन पर सी.एम.ओ. नगरी को त्वरित जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश जारी किए गए।

## ईद के अवकाश के कारण परीक्षा तिथि में संशोधन

**मन्दसौर।** ईद का अवकाश 28 मई को घोषित होने के कारण सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की सत्र 2025-26 की बी.ए., बी.एफ.ए., बी.कॉम., बी.एससी., बी.एच.एससी, बी.बी.ए. और बी.सी.ए. प्रथम वर्ष की परीक्षा अब 12 जून को निर्धारित समय पर होगी। इसके साथ ही, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि विश्व विद्यालय के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड या वैध परिचय-पत्र लाना अनिवार्य होगा। जिन नियमित विद्यार्थियों के पास कॉलेज का वैध आई.डी. कार्ड है, उन्हें आधार कार्ड लाना जरूरी नहीं है, लेकिन बिना कॉलेज आई.डी. वाले नियमित छात्रों और सभी स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थियों को आधार कार्ड के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

## आंगनवाड़ी केंद्रों में ग्रीष्म कालीन अवकाश मिलेगा

**मन्दसौर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मंदसौर जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों में 1 जून से 15 जून तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। इस अवधि में केंद्रों पर नाश्ता और गर्म पके भोजन के स्थान पर हितग्राहियों को पात्रतानुसार रेडी टू ईट खाद्य पदार्थ वितरित किया जाएगा। इसके तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों और 6 माह से 5 वर्ष तक के अतिगंभीर कुपोषित बच्चों को 12 दिनों के लिए तथा गर्भवती व धात्री माताओं सहित 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को 2 दिनों के लिए गेहूं-मूंगदाल मिक्स दलिया चूरा प्रदाय किया जाएगा।

## श्री ऋषियानंद कुटिया पर हर्षोल्लास से मना गंगा दशहरा

**मन्दसौर।** प्रतिष्ठित धार्मिक स्थल श्री ऋषियानंद कुटिया पर मां गंगा का अवतरण दिवस गंगा दशहरा धूमधाम से मनाया गया। पं. नरेंद्र पंड्या के सानिध्य में मां गंगा के विग्रह का विधि-विधान से पूजन-अभिषेक हुआ और श्रीरामचरितमानस पाठ की पूर्णाहुति पर यज्ञ-हवन व महाआरती की गई। समारोह में पधारे अकोला के युवा संत श्री केशवानंद जी महाराज ने गंगा जी की महिमा और सद्गुरु देव श्री ऋषियानंद जी महाराज की तपस्या पर सारगर्भित प्रवचन दिए। इस दौरान आयोजित भक्तिमय सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां दीं और देर रात तक चले विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की।

## पेंशनर्स संघ द्वारा गौ शाला में तरबूज की सेवा दी गई

**पिपलिया मंडी।** पेंशनर्स नागरिक महासंघ पिपलिया मंडी शाखा के पदाधिकारियों द्वारा राधाकृष्ण गौ शाला पंथ बरखेड़ा में चार सौ किलो तरबूज गौ माता को खिलाए गए।इस अवसर पर पेंशनर्स संघ इकाई पिपलिया के उपाध्यक्ष श्री हरीसिंह यादव द्वारा बताया गया कि गौ सेवा नारायण सेवा के समान मानी जाती है।भगवान कृष्ण द्वारा गौ पालन का सेवा का पुराणों में भी उल्लेख पाया जाता है गौ माता में सभी देवों का वास माना जाता है।सभी भक्तों से निवेदन है कि गौ सेवा के पावन कार्य को करना चाहिए।इस अवसर पर पेंशनर्स संघ के स्थानीय इकाई के सचिव श्री अमृत लाल जैन एवं श्री के सी टेलर उपस्थित रहे।

# आरटीई के तहत प्रवेश न मिलने से नाराज मासूमों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, 42 डिग्री की भीषण गर्मी में छाता लेकर धरने पर बैठे बच्चे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर



जिला मुख्यालय स्थित कलेक्टर कार्यालय के बाहर मंगलवार को उस समय एक भावुक और गंभीर स्थिति देखने को मिली, जब अपनी शिक्षा के अधिकार के लिए साढ़े तीन से चार साल के मासूम बच्चे कलेक्ट्रेट के सामने धरने पर बैठ गए। करीब 42 डिग्री के झुलसा देने वाले तापमान और तीखी धूप में ये मासूम बच्चे अपने माता-पिता और जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के साथ हाथों में छतरियां थामे दोपहर तक प्रदर्शन करते रहे। पूरा मामला आरटीई के तहत निजी स्कूलों में चयन होने के बावजूद प्रवेश न मिलने से जुड़ा हुआ है।

प्रदर्शनकारी पालकों ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आयोजित ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया में उनके बच्चों का सेंट थॉमस, एडिफाई और जैन पब्लिक स्कूल में नर्सरी प्रवेश के लिए चयन हुआ था। आरोप है कि जब वे तय समय पर बच्चों को लेकर संबंधित स्कूलों में पहुँचे, तो स्कूल प्रबंधन ने अल्पसंख्यक (माइनॉरिटी) संस्था होने का प्रमाण पत्र होने का हवाला देते हुए आरटीई के तहत बच्चों को दाखिला देने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद पालकों को पोर्टल से आवंटन निरस्त होने का संदेश भी प्राप्त हुआ।

मामले की गंभीरता को उठाते हुए जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर ने कहा कि यह पूरी तरह से शिक्षा विभाग और पोर्टल की तकनीकी लापरवाही है।

जब इन स्कूलों में अल्पसंख्यक दर्जे के कारण आरटीई के तहत प्रवेश नहीं दिया जा सकता था, तो फिर विभाग द्वारा ऑनलाइन चॉइस फिलिंग के दौरान पोर्टल पर इन स्कूलों के नाम क्यों प्रदर्शित किए गए। इसमें गरीब परिवारों और मासूम बच्चों की कोई गलती नहीं है। उन्होनें कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कलेक्टर निवास के बाहर प्रतिदिन दो घण्टे धरना देंगे।

मासूम बच्चों को कड़ी धूप में धरने पर बैठा देख प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। पहले तहसीलदार, एसडीएम और अपर कलेक्टर ने पालकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ठोस कार्रवाई की मांग पर पालक अड़े रहे। इसके बाद करीब दोपहर सवा एक बजे कलेक्टर ने जिला पंचायत सदस्य और कुछ प्रमुख पालकों को चर्चा के लिए अपने चेंबर में बुलाया।

शिक्षा विभाग की इस चूक को ठीक करने के लिए करीब 10 दिन का समय मांगा। तथा प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि संबंधित स्कूलों की सूची का परीक्षण कर अब आरटीई प्रवेश प्रक्रिया को ऑनलाइन के बजाय ऑफलाइन मोड पर करवाकर बच्चों को आरटीई योजना के तहत ही प्रवेश दिलाया जाएगा। प्रशासन से मिले इस सकारात्मक आश्वासन के बाद पालकों ने दोपहर पौने दो बजे अपना धरना समाप्त किया।

# जल संरक्षण और स्वच्छता के लिए जनभागीदारी जरूरी : प्रभारी मंत्री

## गंगा दशमी पर झाली तालाब में जल पूजन कर दीप प्रज्जवलन किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



गंगा दशमी के अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कालिका माता परिसर स्थित झाली तालाब पर जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री मध्यप्रदेश शासन एवं रतलाम जिला प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह के मुख्य आतिथ्य में जल पूजन ,दीप प्रज्वलन ,दीपदान एवं भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभारी मंत्री द्वारा कालिका माता के दर्शन एवं पूजन के साथ की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण और ऊर्जा बचत आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा एक सामाजिक अभियान है। प्रदेश भर में जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि एक जिले के एक ब्लॉक में सौर ऊर्जा आधारित पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा। साथ ही खंडवा जिले की ग्राम पंचायतों में लगाए गए वाटर फिल्टर प्लांट का उल्लेख करते हुए कहा कि स्कूल एवं आंगनवाड़ी के बच्चों के लिए 1400 ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था की गई है। योजना सफल होने पर इसे सभी जनजातीय जिलों में लागू किया जाएगा। डॉ शाह ने कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण जल स्त्रोतों को दूषित करने का प्रमुख कारण है, इसलिए सभी नागरिकों को प्लास्टिक के विकल्प अपनाने चाहिए।

उन्होंने शादी-ब्याह एवं सामाजिक आयोजनों में स्टील के बर्तनों के उपयोग की अपील भी की। कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।



## रीवा हादसे के बाद जैन समाज ने उठाई साधु-साध्वियों की सुरक्षा की मांग

**आलोट ।** रीवा में जैन साध्वी मंडल के साथ हुई सड़क दुर्घटना के बाद साधु-साध्वियों की सुरक्षा को लेकर सकल श्री जैन संघ आलोट ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन पत्र तहसीलदार को सौंपा है।संघ ने ज्ञापन में मांग की है कि पदविहारी साधु-साध्वियों की सुरक्षा के लिए स्थायी नीति बनाई जाए। राजमार्गों पर विहार के दौरान पुलिस एस्कॉर्ट, समर्पित हेल्पलाइन, सुरक्षित विश्राम स्थल और वाहन चालकों के लिए जागरूकता अभियान चलाने के सुझाव दिए गए। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि त्याग और अहिंसा का जीवन जीने वाले संत समाज का मार्गदर्शन करते हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना शासन की जिम्मेदारी है। विगत वर्षों में विहार के दौरान दुर्घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे समाज में आक्रोश है।ज्ञापन का वाचन अशोक भंडारी ने किया ज्ञापन देते समय सकल श्री संघ के संजय डूंगरवाल, अनिल देसरला, डॉ सुनील चोपड़ा, विमल एफ जैन, अनिल पारिख, सचिन जैन, निलेश पारिख, अंकित भंडारी, अनिमेष आंचलिया, राहुल रांका आदि समाजजन उपस्थित थे।

## कोटा-चोमहला अब उज्जैन तक चलेगी

**आलोट।** कोटा-चोमहला मेमू ट्रेन अब उज्जैन तक चलेगी। रेलवे बोर्ड द्वारा इसके आदेश जारी किए गए हैं। इसके चलने की तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।उल्लेखनीय है कि यात्रियों की लंबे समय से इस ट्रेन को उज्जैन तक बढ़ाने की मांग थी। उक्त ट्रेन के विस्तार से विक्रमगढ़ आलोट महिदपुर रोड़ नागदा उन्हैल के रेल यात्रियों को उज्जैन तक की एक और सुविधा प्राप्त हो जाएगी हालांकि रेलवे ने अभी इस ट्रेन के चने की तारीख की घोषणा नहीं की है शीघ्र ही तारीख एवं टाइम टेबल जारी किए जाएंगे।

## जल स्त्रोतों के संरक्षण में जनभागीदारी सबसे बड़ी ताकत : मंत्री श्री काश्यप

**रतलाम ।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत भोपाल जिले के प्रभारी मंत्री एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के मंत्री श्री चैतन्य कुमार काश्यप ने शाहपुरा झील में श्रमदान कर जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण केवल शासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक भागीदारी से ही यह अभियान सफल हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, निगम आयुक्त श्रीमती संस्कृति जैन तथा अन्य जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों के साथ शाहपुरा झील की साफ-सफाई हेतु श्रमदान किया। इस दौरान पर्यावरण परिसर (एप्को) में वृक्षारोपण भी किया गया।प्रभारी मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर्यावरण संरक्षण और जल स्त्रोतों के संवर्धन को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। विभिन्न पर्वों और अवसरों को प्रकृति संरक्षण से जोड़कर जनसहभागिता बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भोपाल में भी नगर निगम द्वारा तालाबों, कुओं और बावड़ियों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। श्री काश्यप ने कहा कि केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहर में जलप्रदाय, सीवेज प्रबंधन एवं स्वच्छता से जुड़े अनेक कार्य संचालित किए जा रहे हैं, जिनसे भोपाल को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरणीय दृष्टि से बेहतर शहर बनाने में सहायता मिल रही है।

## प्रदेश अध्यक्ष शक्तावत की बढ़ती लोकप्रियता एवं जनाधार से घबराए विरोधी - अजय नागरिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी




कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ये नाम किसी पहचान ओर परिचय का मोहताज नहीं है..लगातार पिछले 4 सालों से इनकी कांग्रेस के प्रति निष्ठा एवं मेहनत को देखते हुए असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज जी ने इन्हें मध्यप्रदेश असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त कर पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी देकर इस विभाग को मजबूत करने का कार्य सौंपा.. जब से उनकी नियुक्ति हुए तब से आज दिन तक ये कभी शांत नहीं बैठे लगातार पूरे प्रदेश के दौरे कर के असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के लिए संजीवनी बूटी की तरह काम किया एवं पूरे प्रदेश में पदाधिकारियों की एक विशाल टीम तैयार की जो हर जिले में आज मजदूरों एवं असंगठित कामगारों की आवाज उठाने एवं उनकी सहायता करने के साथ ही साथ उनके हक अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है.. कुंवर शक्तावत लगातार संघर्ष करते रहे और उसका परिणाम विगत दोनों दिनांक 22 मई को भोपाल के शिवाजी नगर इंदिरा भवन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रादेशिक कार्यकर्ता सम्मेलन में देखने को मिला जिसमें पूरे प्रदेश से हजारों कि संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की उपस्थित हुई जिसकी गूंज पूरे प्रदेश ही नहीं वरन पूरे देश में गई है। इस कार्यक्रम में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज जी,पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया,मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष,गरीब मजलूम पिछली पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति की आवाज एवं गंधवानी विधायक उमंग सिंगार,पूर्व मंत्री सज्जनसिंह वर्मा,एवं अनेक कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागणों की उपस्थित रही।

सभी ने कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत जी मेहनत की जमकर तारीफ की और आने वाले विधानसभा चुनाव ने उनकी पूरे प्रदेश एवं जिले की टीम द्वारा मिलने वाले अपार जन जन सहयोग हेतु शुभकामनाएं भी दी। और कहा कि ऐसे नेता जो अपना सर्वस्व न्योछावर करते हुए संगठन को जीवित रखने का कार्य करते है इसे बहुत कम मिलते है और ऐसे विरले ही होते हैं .कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत की इसी बढ़ती लोकप्रियता बढ़ते कद ओर जनाधार को उनके विरोधी हजम नहीं कर पाए।

# जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने 113 लोगों की समस्याएं सुनीं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच




कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले भर से आए 113 आवेदकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण के सख्त निर्देश दिए।

बालागंज निवासी जरूरतमंद महिला सुम्मीबाई को परिवार के भरण-पोषण हेतु कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी, नीमच से 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश रेडक्रॉस प्रभारी को दिए।

ग्वालटोली निवासी सुश्री हेमलता प्रजापति के पति की मृत्यु जिला अस्पताल में होने के बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी न होने की शिकायत पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे सिविल सर्जन से समन्वय कर अस्पताल के रिकॉर्ड के आधार पर मृत्यु प्रमाण पत्र अथवा उसकी प्रतिलिपि अविलंब उपलब्ध करवाएं।

पिपलिया व्यास के नीलेश की शिकायत पर कलेक्टर ने म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए कि जिले के *सभी विद्युत ट्रांसफार्मरों का निरीक्षण करवाकर यह सुनिश्चित करें कि उनके पास अवैध अतिक्रमण, कबाड़ या ज्वलनशील सामग्री न हो। यदि कहीं ऐसा पाया जाए तो तत्काल हटाने की कार्यवाही की जाए, ताकि किसी भी दुर्घटना की संभावना न रहे। जनसुनवाई मे जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में नीमच सिटी की नीता जैन, लीलाबाई, विद्यादेवी, सलमा हारून; बघूथन के लक्ष्मणसिंह; अठाना की लीलाकृष्णा, भंवरलाल; मनासा के नानालाल; हनुमंतिया के जयपाल; बधाना की आशा; इन्द्रानगर के आरिफ हुसैन; अडमालिया के बालकिशन, हुलाशी बाई; महुपुरा के अनिल; चडोली की घीसीबाई; पिपलिया नाथावत के चमनसिंह; चम्पी के भागीरथ; देवपुरा की ललिता; सिंगोली की मांगीपूरी; उम्मेदपुरा के किशनलाल; ग्वालटोली के लक्ष्मण, मोहनलाल; टीचर कॉलोनी के देवेन्द्रसिंह; भाटखेड़ी के सुरेश रेगर; रतनपुरा भदवास के रामेश्वर नागदा; मोरवन के राधेश्याम; वरुखेड़ा की मंगलाबाई; देवरी-खवासा के मूलचंद; टाटियाखेड़ी के जवानसिंह; उग्रान के शंकरलाल कीर; चचोर के विष्णु कुमार; कराडिया महाराज के तरुण शर्मा; मालाहेड़ा की संतोषबाई; चल्दू के ऊकारलाल; सरवानिया महाराज के ताराचंद्र; आमलीखेड़ा के जितेन्द्रसिंह; काली कोठड़ी की संगीताबाई; पिपल्याहाड़ी के लालसिंह; पिपलीखेड़ा के रविन्द्र; सावन के प्रेमानाथ; महुडिया की भंवरीबाई एवं गोपाल सहित अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

### न्यूज कालम



## मुख्यमंत्री भू-अधिकार योजना के तहत 18 हितग्राहियों को मिले पट्टे

**मंदसौर।** मुख्यमंत्री शहरी भू-अधिकार योजना 2026 के अंतर्गत मंदसौर नगर पालिका कार्यालय पर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने वार्ड क्रमांक 12, 31, 32 और 33 के 18 पात्र हितग्राहियों को भू-अधिकार पत्र (पट्टे) वितरित किए। नपाध्यक्ष कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षदगण माया भावसार, कमलेश सिसोदिया, भावना पमनानी सहित हितग्राही परिवारों के सदस्य उपस्थित थे। नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से इन चार वार्डों के 18 ऐसे परिवारों को जमीन का मालिकाना हक मिल गया है, जिनके पास अब तक खुद की जमीन का कोई वैधानिक अधिकार नहीं था। मालिकाना हक मिलने के बाद अब ये सभी परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का आसानी से लाभ उठा सकेंगे। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में गरीबों को उनका हक और अधिकार दिलाने के लिए पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। इन पट्टों के मिलने से अब ये गरीब परिवार भी समाज की मुख्यधारा से जुड़कर अपना पक्का मकान बना सकेंगे।

## दशपुर इनरव्हील क्लब को इंदौर में मिले कई अवार्ड



**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर दशपुर को साल भर किए गए उत्कृष्ट सामाजिक और सेवा कार्यों के लिए इंदौर में आयोजित उत्सर्ग सेलिब्रेशन ऑफ ग्रैटिट्यूड एंड लीडरशिप समारोह में विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया गया है। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विभा सिंह के नेतृत्व और अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में यह पुरस्कार दिये गये। इसमें अध्यक्ष नेहा संचेती को प्रोएक्टिव अवॉर्ड, सचिव नीता रिछावरा को एक्सीलेंट सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष उषा टेकवानी को पंक्चुअलिटी इन फाइनेंशियल, आईएसओ प्रीति रत्नावत को बेस्ट आईएसओ और संपादक दीप्ति अग्रवाल को एक्सीलेंट एडिटर व कविता लेखन के विशेष सम्मान से नवाजा गया। क्लब को यह सभी सम्मान वर्षभर संचालित की गई विभिन्न समाजोपयोगी गतिविधियों के लिए दिए गए हैं।

## भीषण गर्मी में ट्रेन पर यात्रियों के लिए योग ग्रुप ने की ठंडे पानी की व्यवस्था



**पिपलीया मंडी ।**भीषणतम गर्मी में रेलवे स्टेशन पर डिवाइन योग ग्रुप की महिलाओं ने सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती बंटू कमलेश जी भूत के नेतृत्व में मंगलवार से ट्रेन में ठंडे पानी की व्यवस्था कर यात्रियों को ठंडा पानी पिलाया ट्रेन में बैठे यात्रियों ने इस पुनीत सेवा की मुक्तकंठ से प्रशंसा भी की।श्रीमती बंटू भुत ने बताया कि अक्सर स्टेशन पर पीने के पानी की समस्या बनी रहती है और ट्रेन का ठहराव भी मात्र 2 से 3 मिनिट का ही रहता है इससे यात्रियों में पानी को लेकर उहा पोह की स्थिति रहती है और दोडम भाग में हादसों का शिकार भी होजाते है।इस कारण ग्रुफ की सभी महिलाओं ने निर्णय किया की ट्रेन के डिब्बो पर जाकर सभी यात्रियों को केम्पर का ठंडा पानी पिलाया जाय। ज्ञात हो पहले ट्रेन पर ठंडे पानी की सेवा यात्री ट्रेनों में पेंशनर संघ द्वारा शंकरलाल जी पंवारबीके नेतृत्व में कीजाती थी। इसी प्रकार मीटर गेज के समय अनिल शर्मा,पुर्नलता शर्मा,भूपेंद्र महावर,अनिल बोराना,बाबूलाल नागर,गोपाल राठौर की टीम द्वारा भी यह सेवा निरन्तर जारी रखी गई थी।

## सड़क निर्माण न होने पर पूर्व सरपंच सहित ग्रामीणों ने जताई नाराजगी



**पिपलिया मंडी।** 25 मई मल्हारगढ़ विधानसभा में विकास को लेकर सियासत गरमा गई है। बरखेड़ा पंथ के पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा पर निशाना साधा है। के मंत्री जी हर मंच से कहते हैं मैंने मल्हारगढ़ विधानसभा में सड़क को का जाल बिछाया कहीं कच्ची सड़क नहीं बची पर ग्राम बरखेड़ा पंथ,खात्याखेड़ी में उनके दावे खोखले साबित हो रहे हैं तहसील मुख्यालय मल्हारगढ़ से 7 किलोमीटर फोर लाइन पर स्थित ग्राम मैं अभी तक कोई पकी सड़क निर्माण नहीं करवाया आज भी कच्ची सड़के दर्ज हैं ग्रामीण लंबे समय से मांग कर रहे हैं जैसे रूपी से बरखेड़ा पंथ, खोखरा से बरखेड़ा पंथ, जलोदिया से बरखेड़ा पंथ - खात्याखेड़ी से गुड़भेली , खात्याखेड़ी से खोखरा,निनोरा से सोनी तक पिछले 17 साल के कार्यकाल में सड़क निर्माण नही हुआ"मंत्री जी गांव में आयोजित कई बार उक्त सड़कों को लेकर घोषणा भी कर चुके हैं और जगह-जगह कहते हैं कि मैंने मल्हारगढ़ विधानसभा में विकास की गंगा बहाई है, लेकिन उनका विकास ग्राम पंचायत बरखेड़ा पंथ में तो कही दिखाई नहीं देता। यहां पर लोग आज भी कच्चे रास्तों से आवागमन करने को मजबूर हैं।"ग्रामीणों ने भी सड़क की मांग को लेकर मंत्री जी से नाराजगी जताई है। बारिश के मौसम में हालात और बदतर हो जाते हैं।

## सीआपीएफ सीटीसी द्वारा 61 भूतपूर्व सैनिकों को ट्रेनिंग देकर पुन: सैनिक बनाया

**नीमच।** देश की आंतरिक सुरक्षा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले सीआरपीएफ पुलिस बल के नीमच ट्रेनिंग सेंटर पर सैनिकों का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नीमच के सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज द्वारा 61 नव नियुत अधीनस्थ अधिकारी (भूतपूर्व सैनिक) के बुनियादी प्रशिक्षण का सह शपथ ग्रहण परेड समारोह आरटीसी परेड ग्राउंड में संपन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि सीटीसी प्राचार्य आड परेड कमांडर सब इंस्पेक्टर मंजित सिंह मुख्य अतिथि ने परेड की सलामी ली।



## नीट परीक्षा में धांधली और पेपर लीक के विरोध में एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**सुसनेर।** एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने डग रोड स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम किरण वरवड़े को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हर वर्ष नीट परीक्षा में सामने आ रही धांधली और पेपर लीक की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार पेपर लीक और अनियमितताओं के कारण मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। संगठन ने मांग की कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान एनएसयूआई नगर अध्यक्ष प्रसुन गोयल, जिला महासचिव ओवस कुरैशी, सीएमराइज स्कूल अध्यक्ष सागर जादमे, नगर महासचिव रहन खान, ज्योतिष कटारिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। चित्रः-0071

## जल संरक्षण एवं संवर्धन अन्तर्गत लक्ष्मीपुरा में स्थित तालाब का गहरीकरण कार्य किया



**तराना।** गंगा दशहरा पर्व पर समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्यों को ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की सहभागीता से कराये जाने के निर्देश दिये गए। जिसके परिपेक्ष में जनपद पंचायत तराना अंतर्गत समस्त 107 ग्राम पंचायतों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों की सहभागीता से करवाया गया, अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपल्या कायथा में बृजेश सक्सेना अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुविभाग - तराना एवं प्रमोद कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत - तराना के नेतृत्व में ग्राम - लक्ष्मीपुरा में स्थित तालाब का गहरीकरण कार्य किया गया जिसमें सभी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ओमप्रकाश राजौरिया जिला-सदस्य, वासुदेव पाण्डे वरिष्ठ भाजपा नेता , सौदान सिंह सिसौदिया पूर्व मण्डी अध्यक्ष भाजपा एवं श्री गुड्डू पाण्डे सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों द्वारा श्रमदान किया गया। जल कलश यात्रा एवं जल शपथ के माध्यम से ग्रामीणों में जल जागरूकता के प्रति संदेश दिया गया, सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों के द्वारा जल संरक्षण एवं पौधारोपण के संबंध में ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें इस संबंध में प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र कोदिया सहायक यंत्री, अर्चना श्रीवास्तव अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, कुन्दन मुकाती उपयंत्री संदीप मालवीय प्रबंधक जनअभियान परिषद् एवं महिला बाल विकास विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम काआभार श्री मुकेश राजौरिया प्रभारी सचिव ग्राम पंचायत - पिपलिया कायथा द्वारा किया गया।

## किराना व्यवसायी बोहरा के छोटे सुपुत्र मुस्तफा बोहरा का निधन

**महिदपुर।** नगर में पांच पीढ़ियों से कादर भाई बोहरा के प्रसिद्ध नाम से तहसील में पहचानी जाने वाली संचालित किराना दुकान



के संचालक गुलाम अब्बास भाई (गुल्लु भाई बोहरा) के छोटे सुपुत्र व बोहरा समाज के वाली सज्जाद भाई बोहरा एवं कासम भाई बोहरा के भतीजे एवं युवा व्यवसायी बुरहानुद्दीन बोहरा के छोटे भाई मुस्तफा बोहरा का 20 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन के समाचार से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह जल्दी न उठने पर परिवारजनों ने उठाया तो रात को अचानक आए हृदयघात से उनका निधन हो गया। नगर में युवक की मौत के समाचार से नागरिक शोक में डूबे रहे। दोपहर 2 बजे बोहरा मस्जिद से जनाजे की नमाज के बाद जनाजा निकला जिसमें समाजजनों, इष्टमित्रों, राजनैतिक, सामाजिक संस्थाओं के प्रमुखों ने जनाजे में भाग लेकर शोक व्यक्त किया जिसमें प्रमुख रुप से पूर्व न.पा. अध्यक्ष मोहम्मद भाई नेता, वरिष्ठ कांग्रेसी शांतिलाल छजलानी, पटेल संघ अध्यक्ष रमेशचन्द्र सकलेचा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, जिला योजना समिति के सदस्य एवं नगर भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष निर्भयसिंह भाटी, न.पा. पार्षद प्रतिनिधि पियुष सकलेचा, सरस्वती शिशु मंदिर समिति अध्यक्ष गिरधारीलाल उथरा, कांग्रेस मण्डल प्रभारी हारुन छीपा, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुबोध धोका, प्रमुख किराना व्यापारी कालू पोरवाल, सराफा व्यवसायी हाजी लतिफ भाई नियारगिर, सलीम भाई नियारगिर, एम.पी.एस. अके-डमी संचालक आशुतोष छजलानी, किराना व्यापारी मुकेश बाकलीवाल, मुकेश बच्छावत, अभिभाषक संघ के पूर्व अध्यक्ष सुरेश छजलानी, तपागच्छ जैन समाज के राजेन्द्र लुंकड़, साहित्यकार कवि दिगम्बर जैन समाज के प्रमुख ऋषभ जैन, निलेश सोगानी, नागोरी समाज के कय्युम नागोरी, रेडिमेड व्यवसायी सुरेश कोचर, जैन धर्मशाला समिति सदस्य अभिषेक छजलानी, अजय सोनगरा, गौरव सोनगरा, नसीम जैदी, राजू भाई सोनी, बाबू भाई जागीरदार, इल्यास कुरेशी, बदरुद्दीन कुरेशी, राजेन्द्र गोयल, किशोर भटनागर, सिसौदिया परिवार, चैपड़ा परिवार आदि के साथ उज्जैन, आलोट, इन्दौर, बड़नगर, खाचरौद, राजोद आदि स्थानों से आये बोहरा समाजजनों ने भाग लिया।

## अवैध स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भोजपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 35 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जप्त की, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 3,50,000 रुपये है। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे अंडरब्रिज ग्राम पिपल्दी के नीचे दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ स्मैक लेकर खड़े हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर दोनों व्यक्ति भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी हजारीलाल पिता देवीलाल तंवर 30 वर्ष निवासी ग्राम खाजली, भोजपुर, लालसिंह पिता देवीलाल तंवर 45 वर्ष निवासी ग्राम गुंदीपुरा भोजपुर जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया।

जल गंगा संवर्धन अभियानः तीर्थ स्थल कपिलेश्वर महादेव धाम पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में आयोजित

# जल स्रोतों का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत और भावी पीढ़ी के प्रति जिम्मेदारी- टेटवाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



सोमवार को गंगा दशहरा के पावन पर्व पर सोमवार को धार्मिक नगरी सारंगपुर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कपिलेश्वर महादेव धाम में भक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रदेश के राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जहां माँ कालीसिंध नदी की वैदिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना की, वहीं घाटों पर खुद झाडू थामकर और कचरा उठाकर श्रमदान किया। मंत्री टेटवाल ने आम जन से आह्वान किया कि जल स्रोतों को सहेजना केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

### मां कालीसिंध का पूजन और चुनरी मनोरथ

सोमवार सुबह कपिलेश्वर महादेव धाम स्थित तट पर मंत्रोच्चार के बीच माँ कालीसिंध नदी का विधिवत वैदिक सनातन पद्धति से पूजन-अर्चन किया गया। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने माँ कालीसिंध को चुनरी अर्पित की और प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा समग्र विकास की कामना की। उन्होंने प्रार्थना की कि माँ कालीसिंध का आशीर्वाद क्षेत्र पर बना रहे और सभी नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्राप्त होता रहे। इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा घाट परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।

### घाटों पर उतरकर किया श्रमदान

पूजन-अर्चन के तुरंत बाद जल गंगा संवर्धन अभियान के जमीनी संकल्प को साकार करने के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया। राज्य मंत्री टेटवाल ने स्वयं आगे आकर कालीसिंध नदी के घाट की सफाई की और कचरा एकत्रित कर श्रमदान किया। उन्हें देखकर उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भी सफाई कार्य में हाथ बंटाया। देखते ही देखते कुछ ही समय में नदी तट और घाट परिसर पूरी तरह स्वच्छ और सुंदर नजर आने लगा।

इस वृहद आयोजन और अभियान में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासनिक अमला भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने कहा कि गंगा दशहरा के पावन पर्व पर आज धार्मिक नगरी सारंगपुर के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल कपिलेश्वर महादेव धाम में भक्ति और पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संगम देखने को मिला है। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से प्रदेश में जलस्त्रोतों को नई जान मिली है। इस मौके पर नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्हौरे, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमेंद्र गोहिल और नगर पालिका मुख्य अधिकारी सीएमओ दीपक कुमार रानवे उपस्थित थे। इसके अलावा विभिन्न स्थानीय स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, नगर पालिका के कर्मचारी और बडी संख्या में जागरूक नगरवासियों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई और जल संवर्धन का संकल्प लिया। 141516

### जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील

उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि हमारे देश में नदियों, तालाबों और कुओं को पूजनीय माना गया है। जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट के इस दौर में जल स्त्रोतों की रक्षा करना आने वाली पीढियों के प्रति हमारी सबसे बडी और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। हम सभी को मिलकर जल संरक्षण को एक जनआंदोलन का रूप देना होगा। आज गंगा दशहरा के इस पवित्र दिन पर हम सब यह दृढ संकल्प लें कि हम अपने आसपास के तालाबों, नदियों और पारंपरिक जल स्त्रोतों को न तो दूषित होने देंगे और न ही उन्हें नष्ट होने देंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा उत्सव नपा द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद



नगर पालिका परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा उत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नीलकंठ महादेव मंदिर स्थित तालाब परिसर में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों तथा नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया गया।

तालाब एवं उसके आसपास फैली गंदगी को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के संवर्धन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से जल बचाने एवं जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया गया। इसके अलावा नगर पालिका परिषद द्वारा इस वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत निजी, सामाजिक एवं सार्वजनिक भवनों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों एवं स्वच्छता कार्यक्रमों के माध्यम से नगरवासियों को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति जागरूक करने का सतत प्रयास किया जा रहा है।

इस अवसर निकाय अध्यक्ष गोविन्द भरावा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्विन दिंडोरकर, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा अखिलेश शर्मा, पार्षद दशरथ वाकतारिया, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, बाबू नागर, अनुविभागीय अधिकारी नेहा साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता राधेश्याम बंबोरिया, जगदीश मंडावलिया, प्रवीण नायक, परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास मनोज जाट सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक, निकाय के अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे । शाम में दीपों से रोशन हुआ महाँकाल का दरबार गंगा दशहरा पर्व पर नगर पालिका द्वारा 25 मई शाम को श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर परिसर में दिपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाँकाल मंदिर प्रांगण में दीप सज्जा नगर पालिका द्वारा की गईं।

### 30 को रामतलाई तालाब का होगा गहरीकरण

नगर पालिका अध्यक्ष भरावा ने बताया कि 30 मई को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर के रामतलाई क्षेत्र में स्थित तालाब का गहरीकरण के माध्यम से किया जावेगा। जिन नागरिकों को मुरम एवं काली मिट्टी की आवश्यकता हो वह अपने स्वयं के संसाधनों से मुरम एवं काली मिट्टी ले जा सकते हैं।

## गर्मी का सबसे तीखा दौर.. नौ दिन तक चलेगी लू की मार..

**ब्यावरा/राजगढ।** भारत समेत देश के कई हिस्सों में 25 मई से नौतपा की शुरूआत हो गई है.. ज्योतिष और मौसम दोनों की मान्यता के मुताबिक ये गर्मियों के नौ सबसे तपते हुए दिन होते हैं जब सूर्य रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है.. इस दौरान दिन की गर्मी चरम पर पहुंच जाती है और रातें भी उमस भरी रहती हैं। नौतपा की अवधि आमतौर पर 25 मई से 2 जून तक रहती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जब सूर्य वृषभ राशि में भ्रमण करते हुए रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तब नौतपा आरंभ होता है। सूर्य इस नक्षत्र में करीब 15 दिन रहते हैं लेकिन शुरूआती नौ दिन सबसे अधिक तीव्र प्रभाव वाले माने जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें पृथ्वी पर लंबवत (सीधी) पड़ती हैं.. इससे भूमि तेजी से गर्म होती है। इस अवधि में आमतौर पर ठंडी हवाओं का आना बंद हो जाता है और मानसून पूर्व की बारिश भी नहीं होती जिससे वातावरण पूरी तरह से 'तप' जाता है। हिंदू परंपरा और किसानों की मान्यता के अनुसार जितनी भीषण गर्मी नौतपा में पड़ेगी, मानसून में उतनी ही अच्छी बारिश होगी.. इस तेज गर्मी को प्रकृति का प्राकृतिक कीटनाशक भी माना जाता है।

## कल ईद उल अजहा मनाई जाएगी

**उन्हेल।** प्रतिवर्ष की तरह जामा मस्जिद में नमाज का समय सुबह 7 रहेगा ईदगाह में नमाज का समय सुबह 8 बजे रहेगा, यह जानकारी जामा मस्जिद वक्फ कमेटी के मुख्य सचिव सैयद राशिद अली (लकी) ने दी है।

## गीता ज्ञान यज्ञ 1 से 3 जून तक

**सुसनेर।** विश्वगीताप्रतिष्ठानम जिला आगर के तत्वावधान में गीता स्वाध्याय मंडल शाखा सुसनेर द्वारा तीन दिवसीय गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन 1 जून से 3 जून 2026 तक महेश्वरी धर्मशाला, सुसनेर में किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक गीता स्वाध्याय एवं प्रवचन आयोजित होंगे। आयोजन में कथा व्यास के रूप में ग्वालियर निवासी गीता मनीषी एवं केंद्रीय महामंत्री डॉ. विष्णु नारायण तिवारी श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान, धर्म और अध्यात्म का संदेश देंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन 3 जून को प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक अखंड गीता पाठ एवं हवन का आयोजन किया जाएगा।

## वरिष्ठ पेंशनर्स का सम्मान, नवागतों का आत्मिय स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

शहर की भावसार धर्मशाला रविवार को उस समय अनुभव, सम्मान और एकजुटता का केंद्र बन गई, जब मध्यप्रदेश पेंशनर्स संघ जीरापुर के तत्वावधान में जिला स्तरीय पेंशनर्स सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मेलन में जिलेभर से बड़ी संख्या में पहुंचे पेंशनर्स ने अपनी सहभागिता दर्ज कर संगठन की मजबूती का संदेश दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं वंदना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों एवं वरिष्ठ पेंशनर्स का पुष्पमालाओं और शॉल भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। आयोजन के दौरान नवागत पेंशनर्स का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन से जुड़कर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया। संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने कहा कि मध्यप्रदेश पेंशनर्स संघ लंबे समय से पेंशनर्स की समस्याओं और अधिकारों को लेकर लगातार सक्रिय है। उन्होंने बताया कि प्रदेश एवं जिला स्तर पर संगठन पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक मंच प्रदान कर उनकी आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाना है।

मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि पेंशनर्स समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय शासन और समाज की सेवा में लगाया है, इसलिए उनका सम्मान और समस्याओं का समाधान प्राथमिकता होना चाहिए।

# रीवा की घटना के विरोध में जैन समाज ने सौंपा ज्ञापन





दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

रीवा में 20 मई को हुई हृदय विदारक घटना एवं दो जैन साध्वियों की समाधि के विरोध में सोमवार को सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा मौन जुलूस निकालकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। समाजजन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बड़ा मंदिर जी से मौन जुलूस के रूप में रवाना हुए जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ विश्राम गृह पहुंचा। विश्राम गृह पर समाज के प्रतिनिधियों ने तहसीलदार रामेश्वर दांगी को ज्ञापन सौंपते हुए घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान समाजजनों ने धर्म रक्षा, समाज की एकता एवं शांति बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष सफेद वस्त्र एवं महिलाएं पीले-केसरिया वस्त्र धारण कर शामिल हुईं। समाज के युवाओं एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन सम्पन्न हुआ।

**महिदपुर**

सकल जैन समाज के तत्वाधान में प्रातः 9 बजे जैन समाज की साध्वी महाराज साहब के मांगलिक व उक्त घटना पर प्रकाश डालने के पश्चात दिगंबर जैन मंदिर से रीवा में 2 आर्यिका माताजी की कार दुर्घटना में हत्या करने की साजिश के विरोध में तथा विहार के दौरान सुरक्षा प्रदान करने व शासन द्वारा रीवा में घटित घटना में संबंधित आरोपियों के विरुद्ध कठोर करवाई व उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई मोन रैली के माध्यम से तहसील परिसर में जाकर तहसीलदार संतुष्टि पाल को ज्ञापन सोपा गया तथा भारत सरकार व मध्य प्रदेश शासन से राष्ट्रीय संत सुरक्षा नीति तथा संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए जाने हेतु मांग की गई।

## पटेल जिला ग्रामीण कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त

**तराना।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करंज निवासी अनुज



पटेल(महेश) को जिला ग्रामीण कांग्रेस का सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। नियुक्ति पर पटेल ने विधायक महेश परमार सहित प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का आभार माना है वहीं इस नियुक्ति पर इष्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## माली सैनी समाज को सत्ता में भागीदारी जरूरी- जीपी माली




**ब्यावरा।** ऑल इंडीया माली सैनी सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक साईं कृष्णा रिसॉर्ट होशंगाबाद नर्मदा पुरम में राष्ट्रपिता महात्मा ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले की तस्वीर के सामने दीप प्रज्वलन एव मल्यार्पण के साथ मुख्य अतिथियों ने बैठक का शुभआरम्भ किया, मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण अध्यक्ष माली समाज गौरव डॉ रवि सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को देश भर में माता सावित्रीबाई फुले के बताए गए मार्ग पर चलकर बालिकाओ को उच्च शिक्षा दिलवाया जाने का कार्य किया जाए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुझे बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसको मैं अच्छे से निभाऊंगा समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कार्य करने का पूरा प्रयास करूंगा। अतिथि के रूप राज्यसभा संसद श्रीमती माया नारोलिया ने समाज को सम्बोधित किया। अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सैनी ने संबोधित करते हुए महात्मा फुले की 200 वी जयंती वर्ष पर फुले दम्पति को भारत रत्न की मांग को लेकर देशभर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी पी माली पूर्व अपर कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा किया माली सैनी समाज को सत्ता में भागीदारी जरूरी, सत्ता ही ऐसी कुंजी है जिसमें सभी ताले खोले जा सकते हैं। ब्यावरा 30

## विकास पटेल बने आलोट जागीर के सरपंच

**उन्हेल।** उन्हेल क्षेत्र के ग्राम आलोट जागीर ग्राम पंचायत में काफी समय से खाली पड़ी सरपंच की कुर्सी



की बागड़ोर अब विकास के हाथ में, विकास पटेल अब तक ग्राम पंचायत के निर्वाचित उपसरपंच थे जो अब ग्राम राजस्व अधिनियम और मध्यप्रदेश पंचायत नियम के अंतर्गत सरपंच पद पर रहकर अपने नाम के अनुसार विकास करेंगे, युवा सरपंच विकास पटेल ठ२४ की छात्र राजनीति से सक्रिय होकर जनप्रतिनिधि बने है, जो निरन्तर विकास की नवीन राह तलाशते रहते है, विकास कृषि उपज मंडी समिति उन्हेल के पूर्व अध्यक्ष शंकर पटेल के पुत्र है, आलोट जागीर ग्राम पंचायत के सरपंच के प्रभार की विकास पटेल को ग्रामीण जन एवं इष्ट मित्रो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

## 50 हजार रु.की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक अमित कुमार तोलानी द्वारा अभियान चलाया जा रहा। थाना प्रभारी बोडा उप निरीक्षक देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में थाना बोडा पुलिस ने चोरी के मामले में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी किया गया 50,000/- रु जप्त किया गया। फरियादी ज्योती सासी पति प्रेमसिंह सासी निवासी हुलखेड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर लगभग 01:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति फरियादी की पॉलीथीन में रखे 50,000/-रु रुपये विनायक होटल बोडा से चोरी कर ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध की पहचान कर आरोपी संदीप पिता ओमप्रकाश सासी 24 वर्ष निवासी कडियासासी से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने विनायक होटल से 50,000/- रुपये चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी की गई संपूर्ण राशि पुलिस के समक्ष पेश की गई।

## गंगा दशहरा पर निकली कलश यात्रा प्राचीन जल स्रोत का किया पूजन



**कानड़।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर में भव्य गंगा कलश यात्रा एवं जल स्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर जल संरक्षण और प्राचीन जल स्रोतों के संवर्धन का संदेश दिया।कलश यात्रा का शुभारंभ वार्ड पार्षद मांगूबाई आर्य के निवास से हुआ। सिर पर कलश धारण किए महिलाएं ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ नगर के विभिन्न वार्डों से होती हुई माता जी रोड स्थित मां बिजासन मंदिर पहुंचीं। यात्रा के दौरान जल संरक्षण और पर्यावरण बचाने के संदेश भी दिए गए।मां बिजासन मंदिर परिसर के समीप स्थित अति प्राचीन कुएं पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने अपने साथ लाए कलशों का जल प्राचीन कुएं में अर्पित कर जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

# पेट का फैट दूसरे अंगों के फैट के मुकाबले घटाना क्यों होता है ज्यादा मुश्किल

आमतौर पर आपने देखा होगा कि वजन कम करने की प्रक्रिया में गाल, हाथ और पैरों की चर्बी तो आसानी से कम होती है, लेकिन सबसे मुश्किल बेली फैट कम करना होता है। यह दिखने में भी बहुत बुरा लगता है। यहां तक कि बेली फैट कम न किया जाए, तो यह हमारे अंदरूनी अंगों पर भी बुरा प्रभाव डाल सकता है। सवाल है, बेली फैट कम होता क्यों नहीं है?



## बेली फैट घटाना क्यों होता है सबसे मुश्किल?

हमारे शरीर की फैट सेल्स में दो तरह के रिसेप्टर्स होते हैं, अल्फा-2 और बीटा-2। बीटा रिसेप्टर्स फैट को तेजी से बर्न करने का संकेत देते हैं, लेकिन अल्फा रिसेप्टर्स फैट को बर्न होने से रोकते हैं। इसके बजाय, इसे स्टोर करके रखते हैं। शरीर के अन्य हिस्सों (जैसे चेहरा या पैर) की तुलना में हमारे पेट और कमर के निचले हिस्से की फैट सेल्स में अल्फा-2 रिसेप्टर्स की संख्या बहुत अधिक होती है। इसी वजह से एक्सरसाइज करने से शरीर के अन्य हिस्सों का फैट बर्न हो जाता है, लेकिन पेट का नहीं।

विसरल फैट पेट के अंदरूनी अंगों जैसे लिवर और आंतों के पास होता है। यह फैट मेटाबॉलिक रूप से बहुत एक्टिव होता है, जो कि शरीर में सूजन और इंसुलिन रेजिस्टेंस को बढ़ावा देता है।

## हार्मोनल असंतुलन



जब कोई बहुत ज्यादा तनाव में होता है, तो शरीर कोर्टिसोल हार्मोन रिलीज करता है। यह एक तरह का स्ट्रेस हार्मोन है। कोर्टिसोल का सीधा संबंध पेट की चर्बी से है। यह हार्मोन शरीर को संकेत देता है कि वह इमरजेंसी कंडीशन के लिए पेट के आसपास फैट स्टोर करके रखे। इसके अलावा, उम्र बढ़ने के साथ-साथ इंसुलिन का स्तर बढ़ना और महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन के स्तर में कमी भी बेली फैट को बढ़ावा देता है।

# वेट लॉस के लिए डिनर में सलाद खाना कितना सही?



फिट रहने के लिए वजन को कंट्रोल में रखना और वजन कम करना कई लोगों की प्राथमिकता बन चुकी है। इसलिए, वर्तमान में कई लोग वजन कम करने के लिए अपनी डाइट में ऐसी चीजों को शामिल करते हैं, जो वजन कम करने में मदद कर सके। ऐसे में सलाद का सेवन भी लोगों में काफी ट्रेंड कर रहा है, जिसमें अलग-अलग तरीकों से तैयार सलाद हल्का, पौष्टिक और कम कैलोरी वाला होता है। इसलिए, वजन कम करने वाले लोग अपनी डाइट में कई बार सिर्फ सलाद शामिल करते हैं, खासकर डिनर के समय। लेकिन क्या रात के खाने में सिर्फ सलाद खाना वजन घटाने का सही तरीका होता है?

न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि रात के खाने में सिर्फ सलाद खाना वजन कम करने के लिए न ही अच्छा होता है और न ही बुरा। आमतौर पर सलाद सेहत के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन डिनर में सिर्फ सलाद खाना वजन म करने में कितना प्रभावी है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके सलाद में क्या-क्या चीजें शामिल हैं। इसके साथ ही, आपका शरीर रोजाना कितनी कैलोरी बर्न कर रहा है और साम का समय कच्चा खाना खाने पर आपका पाचन कैसे रिएक्ट करता है।


## वजन कम करने के लिए डिनर में सलाद कैसे खाएं?



न्यूट्रिशनिस्ट रक्षिता मेहरा का कहना है कि वेट लॉस के लिए रात के खाने में सलाद शामिल करना तभी फायदेमंद हो सकता है, जब आप इसे संतुलित और सही तरीके से खाते हैं। सलाद में सिर्फ कच्ची सब्जियां खाने के स्थान पर उसमें हेल्दी फैट्स और प्रोटीन भी शामिल करें, जैसे उबला अंडा, पनीर, दाल, चना, टोफू या ग्रिल्ड चिकन मिला सकते हैं। डिनर में सिर्फ सलाद खाने से सेहत को कुछ नुकसान भी पहुंच सकता है, जैसे- सलाद को हेल्दी बनाने के लिए इसमें क्रीम ड्रेसिंग, क्रूटन, चीज, मीठे ड्राई फ्रूट्स आदि मिलाने से कैलोरी इनटेक बढ़ जाता है। सिर्फ लेट्यूस और सब्जियों से भरपूर बाउल खाने से शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। इसके कारण आपका मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो सकता है। अगर आप अपनी जरूरत से कम खाते हैं तो देर रात आपको भूख ज्यादा लग सकती है और फूड क्रेविंग बढ़ सकती है। रात में ज्यादा मात्रा में कच्ची और रेशेदार सब्जियां खाने से कुछ लोगों में पाचन से जुड़ी समस्याओं को बढ़ा सकती है, जिससे लेटने पर पेट फूलना, गैस या एसिड रिफ्लक्स की समस्या बढ़ सकती है।

**प्रोटीन को करें शामिल:** केवल सब्जियों से पेट जल्दी खाली हो जाता है। इसलिए सलाद में उबले हुए चने, राजमा, पनीर के टुकड़े, टोफू, या उबला हुआ अंडा जरूर मिलाएं।

**वजन बढ़ाने वाली सब्जियां:** खीरा, ककड़ी, गाजर, मूली, शिमला मिर्च और टमाटर का भरपूर इस्तेमाल करें। ये बहुत कम कैलोरी में पेट भरते हैं।



**हाई-फाइबर हरी पत्तियां:** सलाद में पालक के पत्ते, लेट्यूस, या पत्तागोभी जैसी हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें?

कैलोरी से बचें (ड्रेसिंग और टॉपिंग):मेयोनेज और क्रीम से बचें: क्रीमी और रेडीमेड ड्रेसिंग में बहुत अधिक कैलोरी होती है। इसके बजाय जैतून का तेल, नींबू का रस, या घर के गाढ़े फेंटे हुए दही का इस्तेमाल करें।

Sport

# आर्चर के दम पर राजस्थान प्लेऑफ में

## अपने अंतिम मैच में मुंबई को 30 रनसे हराया, पंजाब और कोलकाता बाहर, जोफ्रा ने 32 रन बनाने के बाद चटकाए तीन विकेट

एजेंसी ▸▸ मुंबई



जिस समय राजस्थान रॉयल्स को सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब जोफ्रा आर्चर संकट मोचक बन गए। उन्होंने अपने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन से रविवार को राजस्थान की टीम को प्लेऑफ में पहुंचा दिया।

बारबाडोस के 31 वर्षीय तेज गेंदबाज ने पहले बल्ले से कमाल किया। फिर गेंद से भी धमाल मचाते हुए राजस्थान की मुंबई इंडियंस पर 30 रन जीत दिला दी। इसके साथ ही पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

आर्चर ने पहले 32 रन बनाकर राजस्थान को 200 के पार पहुंचाने में मदद की। उसके बाद रोहित, नमन और हार्दिक के विकेट लेकर मुंबई को नौ विकेट पर 175 रन पर रोक दिया। अंतिम पांच ओवर में मुंबई को 59 रन चाहिए थे। राजस्थान के गेंदबाजों ने सिर्फ 28 रन दिए और चार विकेट भी हासिल किए। आर्चर ने 16वें ओवर में मुंबई के कप्तान हार्दिक (34) को आउट कर मैच का पासा पलट दिया। अगले ओवर में पुंजा ने शॉर्ट गेंद पर बॉश को चलता कर दिया। मुंबई की टीम पूरी तरह से दबाव में आ गई। सूर्यकुमार (60) को नांद्रे बर्गर ने अपनी गेंद पर आउट कर राजस्थान की जीत तय कर दी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 38 रन तक चार विकेट गंवा दिए। आर्चर ने पहले ओवर में रोहित को खाता खोले बिना विकेट के पीछे कैच कराने के बाद दूसरे ओवर में नमन की गिल्लियां बिखेरी। बर्गर ने रिकेलटन को सूर्यवंशी से कैच कराया। बृजेश ने पहली ही गेंद पर तिलक का विकेट उखाड़ दिया। पावरप्ले के बाद स्कोर चार विकेट पर 49 रन था। सूर्यकुमार का 27 रन पर यश की गेंद पर बृजेश ने कैच टपकाकर दिया। इसका फायदा उठाकर उन्होंने अर्धशतक जड़ा। जैक्स ने छक्के से टीम के रनों का शतक पूरा किया। वह इसी ओवर में आउट हो गए। राजस्थान के लिए बर्गर, पुंजा और बृजेश ने दो-दो विकेट लिए। इससे पहले राजस्थान ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई भी खिलाड़ी 40 तक भी नहीं पहुंचा। बावजूद इसके टीम ने आठ विकेट पर 205 रन बनाए। ध्रुव जुरेल ने 38, जोफ्रा आर्चर ने 32, दासुन शनाका ने 29 और यशस्वी ने 27 रन बनाए। अंत में रवींद्र जडेजा (19) और नांद्रे बर्गर (10) ने 13 गेंदों में 30 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को दो सौ के पार पहुंचाया।

# जीत के साथ खत्म किया अभियान

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

दिल्ली कैपिटल्स की टीम बेशक प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी लेकिन उसने आईपीएल में सांत्वना भरी जीत के साथ अपना अभियान खत्म किया। रविवार को उसने लीग चरण के आखिरी मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 40 रन से पराजित कर दिया।

इस जीत से दिल्ली की टीम 14 अंक के साथ अंकतालिका में छठे स्थान पर जबकि कोलकाता 13 अंक के साथ सातवें स्थान पर रहा। जिस मैच की कोई अहमियत नहीं रह गई थी, उसमें दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल (60 रन) ने अर्धशतक जड़ दिया। उसकी मदद से टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 203 रन बना लिए। फिर लुंगी एनगिडी और कुलदीप यादव के तीन-तीन विकेट से कोलकाता को 18.4 ओवर में 163 रन पर ढेर कर दिया। दो विकेट मिचेल स्टार्क और एक विकेट अक्षर पटेल को मिला।

राहुल ने 30 गेंद में पांच चौके और चार छक्के से सत्र में छठा अर्धशतक जड़ा। वह 13वें ओवर में आउट हुए जिसके बाद डेविड मिलर (28), अक्षर पटेल (39) और आशुतोष (नाबाद 18) अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए।

बड़ी साझेदारी नहीं- **दिल्ली की ओर से कोई बड़ी साझेदारी भी नहीं हुई। सबसे बड़ी साझेदारी दूसरे विकेट के लिए हुई जिसमें राहुल ने साहिर परख के साथ 47 रन जोड़े। दूसरी ओर मेजबान उप-कप्तान रिंकू सिंह ने साहिल परख का कैच तब छोड़ दिया, जब वह सात रन पर थे।**

वरुण से गेंदबाजी !- **यह बात समझ से परे थी कि इस बेमानी मैच में भी वरुण चक्रवर्ती से गेंदबाजी क्यों करवाई जबकि इस भारतीय स्पिनर के बाएं पैर के अंगूठे में ह्यहेयरलाइन फ्रैक्चरह्ण था। उन्होंने 35 रन देकर दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल (39) के रूप में एक विकेट लिया।**

## 22 भारतीय शूटर साधेंगे निशाना

नई दिल्ली। भारत राइफल/पिस्टल विश्व कप में 22-सदस्यीय टीम उतारेगा। इसमें दोहरी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर मिश्रित टीम के अलावा दो व्यक्तिगत पिस्टल स्पधाओं में भी हिस्सा लेंगी। म्यूनिख में 31 मई तक होने वाले टूर्नामेंट के मुकाबले 26 मई से शुरू होंगे।

बेचना है
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क 9111328540

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

ए-वन मेरिज ब्यूरो
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें।
पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931
पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

किराए से देना है
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

खरीदना / किराए से चाहीए
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

मकान बेचना है
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

विज्ञप्ति
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

कर्मचारी की आवश्यकता
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

तुरंत लोन
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9981248359

प्लाट बेचना है
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

आवश्यकता है
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोट: जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

आवश्यकता है
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

अवश्यकता है
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

आवश्यकता
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

अवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

रेंट पर देना/आवश्यकता
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

कर्मचारियों की आवश्यकता है
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

वॉटर प्रुफिंग
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### वेयरहाउस विवाद में संचालक के अपहरण मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार



**इंदौर।** राऊ थाना क्षेत्र में वेयरहाउस संचालक के साथ मारपीट कर उसके अपहरण का मामला सामने आया है। पीड़ित की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार देर रात मोबाइल लोकेशन के आधार पर युवक को आरोपियों के कब्जे से मुक्त कराया। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी कार जब्त की गई है। एसीपी निधि सक्सेना के मुताबिक सूरज की पत्नी ज्योति ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसका पति पिगडंबर स्थित वाइन शॉप के पास खड़ा था, तभी कुछ लोग उसे जबरन कार में बैठाकर ले गए। शिकायत मिलते ही पुलिस ने इलाके में नाकाबंदी कर जांच शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि वेयरहाउस के सौदे को लेकर चल रहे विवाद के कारण मुकेश और उसके साथियों ने सूरज का अपहरण किया। आरोप है कि सभी ने मिलकर सूरज को कार में जबरन बैठाया और उसे सांवेर क्षेत्र के नागपुर गांव ले गए, जहां उसके साथ मारपीट की गई। घटना की पुष्टि होने के बाद राऊ थाना पुलिस ने अपहरण, मारपीट और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार सूरज ने अपने वेयरहाउस का सौदा आरोपियों से किया था, लेकिन बाद में वह सौदा पूरा करने से मुकर गया। इसके बाद आरोपी लगातार उस पर दबाव बना रहे थे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### युवकों के बीच विवाद में चाकू लगने से 2 घायल, पुलिस जांच में जुटी

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर इलाके में चाकूबाजी की घटना सामने आई है। आरोपियों ने दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशाल सोलंकी निवासी श्रृंदा कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने पवन (संविद नगर), आयुष वर्मा, छोटू और उनके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार विशाल को आयुष वर्मा मिला, जो नशे में था। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसी दौरान पवन भी मौके पर आ गया। आरोप है कि आयुष ने चाकू से विशाल के पैर में वार किया। वहीं पवन ने भी चाकू से हमला किया, जो पैर में लगा। छोटू ने पत्थर से मारपीट की। बीच-बचाव करने आए निखिल के साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

**इंदौर के आजाद नगर** इलाके में भी चाकूबाजी की घटना हुई है। पिता से कहासुनी के बाद बेटे पर चाकू से हमला कर दिया गया। अजय बछानिया की शिकायत पर पुलिस ने अनुराग (पालदा चौक), शिवा और विजय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। सोमवार रात आरोपियों की अजय के पिता रमेश से कहासुनी हुई थी, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और हमला कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चाय पीने के बाद निजी इंश्योरेंस कंपनी के मैनेजर की संदिग्ध मौत

**इंदौर।** मांगलिया क्षेत्र में रहने वाले एक निजी कंपनी के मैनेजर की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद संदिग्ध परिस्थिति मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम का माहौल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मांगलिया पुलिस के मुताबिक जितेंद्र परिहार (33) पुत्र संतसिंह परिहार निवासी मांगलिया को उनके रिश्तेदार सोमवार रात उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि शाम के समय जितेंद्र ने चाय पी थी। इसके बाद वह मुंह धोने गए, तभी अचानक गिर पड़े। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी।



### धार भोजशाला विवाद अब सुप्रीम कोर्ट में, दायर की एक और नई अपील

**इंदौर।** धार भोजशाला को लेकर 15 मई 2026 को आए हाई कोर्ट की युगलपीठ के ऐतिहासिक फैसले के विरुद्ध मौला कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील प्रस्तुत कर दी है। सोसायटी के सदर अब्दुल समद ने इसकी पुष्टि की है। हाई कोर्ट के फैसले के विरुद्ध एक अपील सुप्रीम कोर्ट में पहले से लंबित है। दोनों अपीलों की सुनवाई कब होगी यह स्पष्ट नहीं है। 15 मई 2026 को मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ के न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी की युगलपीठ ने धार भोजशाला को लेकर 242 पेज का फैसला सुनाया था। इसमें उन्होंने स्पष्ट किया था कि भोजशाला मस्जिद नहीं बल्कि मंदिर ही है। कोर्ट ने 7 अप्रैल 2023 को जारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के उस आदेश को भी निरस्त कर दिया जिसमें प्रति शुक्रवार मुस्लिम पक्ष को दोपहर एक से तीन के बीच नमाज पढ़ने की अनुमति दी गई थी। हाई कोर्ट के इस फैसले के एक दिन बाद ही एएसआई ने भोजशाला में हिंदू पक्ष को 365 दिन निर्बाध पूजा की अनुमति दे दी। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी भोजशाला पहुंचकर वहां पूजन किया था। हाई कोर्ट के 15 मई के फैसले को चुनौती देते हुए एक अपील काजी मोइनुद्दीन ने 21 मई को सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत की थी। अब एक और अपील मौला कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी ने दायर की है। मौला कमालुद्दीन वेलफेयर सोसायटी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत अपील में हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए इसे गलत बताया और ये आधार लिए - एएसआई ने 98 दिन चले सर्वे में मिली वस्तुओं की कार्बन डेटिंग नहीं की, कार्बन डेटिंग के अभाव में यह नहीं बताया जा सकता कि जो वस्तुएं मिली हैं वे कितनी पुरानी हैं और किस काल की हैं, मुस्लिम पक्ष 700 से अधिक वर्ष से भोजशाला में नमाज पढ़ता आ रहा है और भोजशाला मस्जिद ही है।

**खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा इंदौर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर लगातार निरीक्षण**

# गंदगी मिलने पर हेडली पिज्जा रेस्टोरेंट को नोटिस, जांच के लिए भेजे 17 सैंपल

### जला हुआ तेल, कॉकरोच और अस्वच्छ किचन मिलने पर सख्ती

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा इंदौर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर लगातार निरीक्षण एवं सैंपलिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर कुल 17 खाद्य सैंपल जांच के लिए लैब भेजे।

सी-21 मॉल के सामने जेमिनी मॉल स्थित हेडली पिजा रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेस्टोरेंट के किचन और स्टोरेज क्षेत्र में गंभीर अनियमितताएं और अस्वच्छ परिस्थितियां पाई गईं। किचन में साफ-सफाई का अभाव था तथा फ्रिज और फर्श पर कॉकरोच घूमते दिखाई दिए।



खाद्य पदार्थ बनाने में उपयोग किया जा रहा तेल अत्यधिक जला हुआ और काला पाया गया। जूठन के डस्टबिन खुले मिले और तैयार खाद्य पदार्थ बिना ढके रखे पाए गए। कर्मचारियों के मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं थे, जबकि पेस्ट कंट्रोल और पानी जांच का रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नहीं किया गया। निरीक्षण के दौरान बिना बैच नंबर और पैकिंग डेट वाले नमक का उपयोग पाया गया। खाद्य सामग्री रखने वाले रैक और मॉकटेल निर्माण क्षेत्र में भारी मात्रा में जंग भी मिली। मौके से पनीर, दही, जला हुआ तेल और नमक सहित कुल 4 सैंपल जांच हेतु लिए गए। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा-32 के तहत संबंधित फर्म और प्रोपराइटर को नोटिस जारी किया जा रहा है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

#### इंपोर्टेड फूड की भी जांच

एफएसएसएआई के निर्देश पर इंपोर्टेड फूड उत्पादों की लेबलिंग संबंधी शिकायतों के चलते विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्कीम नंबर-78 स्थित जीआर मार्ट (7 कोर्स) का निरीक्षण कर इंपोर्टेड फूड के 7 नमूने लिए गए। वहीं मिस्टर बिन से भी इंपोर्टेड फूड के 5 सैंपल जांच हेतु एकत्र किए गए।

**सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई-** सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शिकायतकर्ता से चर्चा की। शिकायत में मंचुरियन राइस खराब और बासी परोसे जाने की बात कही गई थी। इसके बाद ओल्ड कोलकोता रोल का निरीक्षण कर मंचुरियन राइस का सैंपल जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण में मिली अनियमितताओं पर सुधार का सूचना पत्र जारी किया गया। कार्रवाई की जानकारी मिलने पर शिकायतकर्ता ने संतुष्टि जताई।

#### कलेक्टर-निगम कमिश्नर ने देखी सिरपुर-लिंबोदी तालाब की स्थिति

इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने मंगलवार को शहर के महत्वपूर्ण जलाशयों सिरपुर तालाब और लिंबोदी तालाब में किए जा रहे कामों की स्थिति देखी। उन्होंने यहां तालाबों की वर्तमान स्थिति, जल संग्रहण क्षमता, कैचमेंट एरिया के अतिक्रमण और तालाबों तक पहुंचने वाली चैनल लाइनों की सफाई और रखरखाव काम की अवलोकन किया। अधिकारियों ने संबंधित विभागीय अमले को निर्देशित किया है कि आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए तालाबों में ज्यादा से ज्यादा पानी इकट्ठा करने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते पूरी कर ली जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर के प्रमुख तालाबों का संरक्षण और पुनर्जीवन जल संरक्षण की दिशा में काफी महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि तालाबों की प्राकृतिक जल आवक को बाधित करने वाले अवरोधों को प्राथमिकता के आधार पर हटाया जाए और कैचमेंट एरिया में किए गए अतिक्रमणों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए।

# इंदौर एयरपोर्ट पर एनआईटी के छात्र की मानसिक हालत बिगड़ने से मचा हड़कंप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर सोमवार को एक यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ने से हड़कंप मच गया। यात्री मानसिक स्थिति असामान्य होने पर आक्रामक व्यवहार करने लगा। इस पर एयरपोर्ट पर मौजूद मेडिकल टीम और सुरक्षाकर्मियों ने उसे नियंत्रित किया। परिजनों और डॉक्टरों की सलाह पर उसे हॉस्पिटल भेजा गया।

जानकारी के मुताबिक 28 वर्षीय अनुपम चरण पहाड़ी नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) अगरतला में एमसीए का छात्र है और कल शाम इंदौर से अहमदाबाद की यात्रा कर रहा था। उसका रूट इंदौर से मुंबई और वहां से अहमदाबाद जाने का था। यात्री इंडिगो की फ्लाइट से इंदौर से शाम 4.15 बजे मुंबई और फिर से मुंबई से अहमदाबाद जाने वाला था। एयरपोर्ट पर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और उसमें भ्रम की स्थिति, घबराहट, तेज धड़कन, शरीर का तापमान थोड़ा बढ़ा, चिड़चिड़ापन और आक्रामक व्यवहार जैसी शिकायतें नजर आने लगीं। मेडिकल जांच के दौरान उसकी हालत को देखते हुए परिजनों से संपर्क किया गया। छात्र के पिता ने मानसिक रोग विशेषज्ञ से परामर्श करने के बाद आगे इलाज की सलाह दी। इसके बाद स्वाध्या हॉस्पिटल की एंबुलेंस एयरपोर्ट पहुंची और मेडिकल टीम की निगरानी में छात्र को आगे के उपचार और जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया। इस घटनाक्रम से कुछ समय के लिए एयरपोर्ट पर गहमागहमी का माहौल बन गया। यात्री के आक्रामक व्यवहार से अन्य यात्री घबरा गए। बाद में टीम द्वारा स्थिति संभालने पर माहौल शांत हुआ।



### डिजिटल शिक्षा से आत्मनिर्भरता की ओर



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

आज के डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा केवल एक कौशल नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भविष्य की मजबूत नींव बन चुकी है। विशेष रूप से ग्रामीण एवं शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों तक कंप्यूटर शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण पहुँचाना समय की महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा शासकीय अत्री देवी उमावि, सुदामा नगर के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 21 दिवसीय ऑन-द-जॉब कंप्यूटर प्रशिक्षण कौशल्य का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 31 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर फंडामेंटल्स, एमएस ऑफिस, एचटीएमएल एवं पाइथन जैसी महत्वपूर्ण तकनीकी विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को डिजिटल दुनिया से जोड़ते हुए उनके तकनीकी कौशल का विकास करना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना था।

### हॉस्टल में उत्पात मचाने वाले स्टूडेंट के पेरेंट्स को बुलाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी डिपार्टमेंट के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस करने और तोड़फोड़ करने वाले स्टूडेंट्स के पेरेंट्स का डिपार्टमेंट में आना शुरू हो गया है। डिपार्टमेंट ने वीडियो के माध्यम से 17 स्टूडेंट्स को आईडेंटिफाई किया था। इसके बाद इन्हें नोटिस दिया गया, उनके पेरेंट्स को डिपार्टमेंट में बुलवाया जा रहा है।

अब तक 4 स्टूडेंट्स के पेरेंट्स डिपार्टमेंट पहुंच चुके हैं और प्रबंधन से चर्चा कर चुके हैं। हालांकि वे भी अपने बच्चों द्वारा की गई हरकत पर कुछ बोल नहीं पा रहे हैं और शर्मिंदा हैं। उन्हें भी काफी खराब लग रहा है। आईईटी के डायरेक्टर डॉ.प्रतोष बंसल ने बताया कि जिन स्टूडेंट्स के पेरेंट्स मिलने के लिए आ रहे हैं उनसे और स्टूडेंट्स से एक एफिडेविट लिया जा रहा है। इसमें कई बातों का जिक्र किया जा रहा है। खासबात यह है कि इसमें ये बात भी लिखी हुई है कि स्टूडेंट्स ऐसा काम करेंगे, जिससे डिपार्टमेंट को उस पर गर्व हो। जिस भी संस्था में रहेगा वह समाजहित में काम करेगा और कोई भी नियम का उल्लंघन नहीं करेगा। अच्छा नागरिक बनेगा। इसके अलावा 25 हजार रुपए की पेनाल्टी भी ली जा रही है।

### इंदौर में ब्रिक्स कृषि समूह की बैठक 9 जून से

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर अगले महीने अंतरराष्ट्रीय कृषि संवाद का केंद्र बनने जा रहा है। ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक शहर में आयोजित होगी, जिसमें दुनिया के सामने खड़ी कृषि चुनौतियों और भविष्य की खेती पर व्यापक चर्चा की जाएगी। पांच दिन तक चलने वाले इस आयोजन में सदस्य और साझेदार देशों सहित करीब 21 देशों के प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। सम्मेलन की शुरूआत में 9 से 11 जून के बीच कृषि कार्य समूह की बैठकों से होगी, जिसमें वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ कृषि से जुड़े तकनीकी मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

श्री मद भागवत महापुराण पितृकथा
पितृ शांति एवं पुण्य लाभ का अवसर
अधिक मास के पावन अवसर पर, अपने पितरों की आत्मिक शांति और मोक्ष की कामना हेतु हम श्री मद भागवत महापुराण पितृ कथा का आयोजन करने जा रहे हैं।
पतित पावनी नगरी उज्जैन की पवित्र धरा पर, भागवत आचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा जी के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त करें।
तिथि: 1 जून से 7 जून 2026
अपने पितरों की मोक्ष प्राप्ति हेतु इस पितृ भागवत में यजमान बनने का सौभाग्य प्राप्त करें।
कथा स्थल : श्री राम मंदिर गढ़कालिका चौराहा उज्जैन
भगवताचार्य डॉ. पं. नलिन शर्मा (मोबा.9179271166)

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com